जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 44 संख्याः 48 प्रभात बीकानेर, सोमवार 12 सितम्बर, 2022 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 1.20 रू.



द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का रविवार को 99 साल की उम्र में निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में उनका निधन हुआ। जानकारी के मुताबिक, उन्होंने अपने आश्रम में दोपहर 3 बजे के करीब अंतिम सांस ली। साल 1989 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली थी। स्वरूपानंद सरस्वती हिंदुओं के सबसे बड़े धर्मगुरु थे। राम मंदिर के लिए भी उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी।

# गैर अधिकृत नेता भी लड़ सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव

## कांग्रेस चुनाव समिति के अध्यक्ष मधुसुदन मिस्त्री ने कहा, जो भी नेता चुनाव लड़ना चाहते हैं वे अपना फॉर्म 10 कांग्रेस प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर के साथ जमा करवा सकते हैं

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। कांग्रेस में अध्यक्ष पद का चुनाव होने में अब कुछ ही दिन बाकी है। इस बीच सूत्र अपना दावा ठोक रहे हैं कि, गांधी परिवार और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने पूरी तरह से तय कर लिया है कि, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस की अध्यक्षता सौंपनी है। इस वक्त सूत्र सबसे ज्यादा हावी हैं। मीडिया हलकों में सब तरफ इस तरह की चर्चा हावी है कि, कांग्रेस का अगला अध्यक्ष अशोक गहलोत ही होंगे।

वहीं खबर है कि ग्रुप ऑफ-23 के सदस्य और केरल से सांसद शशि थरूर भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। उनके हालिया तेवर भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं।

अब कांग्रेस पार्टी ने अध्यक्ष पद चुनाव से जुड़ा हुआ एक अहम फैसला किया गया है। चुनाव प्रक्रिया को देख रहे कांग्रेस नेता मधुसुदन मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि, जो कोई भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करना चाहता है, वह निर्वाचक मंडल में शामिल सभी 9,000 प्रतिनिधियों की सूची देख सकेगा। यह सूची 20 सितंबर से पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध होगी। इससे पहले हाल ही में शशि थरूर, मनीष तिवारी और कार्ति चिदंबरम सहित कांग्रेस के पांच सांसदों ने अपनी पार्टी को एक चिट्ठी लिखी थी और अध्यक्ष के चुनाव में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतने की मांग की थी।

- इस बीच खबर है कि, गांधी परिवार और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पूरी तरह से तय कर लिया है कि, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस की अध्यक्षता सौंपनी है।
- ग्रुप ऑफ-23 के सदस्य और केरल से सांसद शशि थरूर भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। उनके हालिया तेवर भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं।
- मधुसुदन मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि, जो कोई भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करना चाहता है, वह निर्वाचक मंडल में शामिल सभी 9,000 प्रतिनिधियों की सूची देख सकेगा। यह सूची 20 सितंबर से पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध होगी।

मधुसूदन मिस्त्री कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा है कि, जो लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं वे अपने राज्य के 10 प्रतिनिधियों के नाम राज्य कांग्रेस कार्यालय में देख सकते हैं। उन्होंने सांसदों को लिखे एक पत्र में कहा कि, एक बार नामांकन पर हस्ताक्षर कर मुख्य रिटर्निंग अधिकारी को सौंप दिए जाने के बाद उन्हें प्रतिनिधियों की पूरी सूची मिल जाएगी।

उन्होंने कहा, "यदि कोई नेता विभिन्न राज्यों के दस समर्थकों से नामांकन प्राप्त करना चाहते हैं तो सभी 9000 से अधिक प्रतिनिधियों की सूची दिल्ली में मेरे कार्यालय में 20 सितंबर (सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे) को आकर देख सकते हैं।" उन्होंने कहा, "वे आ सकते हैं और सूची से अपने 10 समर्थकों (प्रतिनिधियों) को चुन सकते हैं और नामांकन के लिए उनके हस्ताक्षर प्राप्त कर सकते हैं।" मिस्त्री ने अपने पत्र में यह भी कहा, "मुझे उम्मीद है कि, यह आपके और अन्य सहयोगियों की जरूरतों को पूरा करता है जिन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं शशि थरूर जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने आज मुझे फोन किया और मुझ से बातचीत की।"

इस कदम का स्वागत करते हुए थरूर ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, "मुझे खुशी है कि, यह स्पष्टीकरण हमारे पत्र के उनके रचनात्मक उत्तर के रूप में आया है। इन आश्वासनों से मैं संतुष्ट हूं। कई लोगों को खुशी होगी। मेरे विचार में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस में एक और इस्तीफा

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। एक तरफ राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के अंदर ही एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। एक के बाद एक इस्तीफों का दौर जारी है। इसी कड़ी में रविवार को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेट्री कमरुल इस्लाम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कमरुल ने अपने इस्तीफे की वजह पिछले कुछ महीने में पार्टी के अंदर दिशाहीनता और नेतृत्व में भ्रम को बताया है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों में कांग्रेस से कई

- असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेट्री कमरुल इस्लाम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

बड़े नेता इस्तीफा दे चुके हैं। हाल ही में गुलाम नबी आजाद ने भी इस्तीफा दे दिया था।

सोनिया गांधी को संबोधित अपने पत्र में कमरुल इस्लाम चौधरी ने पार्टी में खुद को मौके देने के लिए धन्यवाद दिया है। लेकिन उन्होंने पार्टी के वर्तमान हालात पर नाखुशी जाहिर की है। उन्होंने लिखा है कि पिछले कुछ महीनों में असम प्रदेश कांग्रेस में जिस तरह का माहौल है, उसने मुझे यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। साथ ही उन्होंने पार्टी में गलत गतिविधियों पर भी किसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का निधन

## वे द्वारका और ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य थे,उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भी अपना योगदान दिया था

अहमदाबाद, 11 सितम्बर। द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का 99 साल की उम्र में निधन हो गया है। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में उनका निधन हुआ। जानकारी के मुताबिक उन्होंने अपने आश्रम में दोपहर 3 बजे के करीब अंतिम सांस ली। कुछ दिन पहले ही उन्होंने अपना 99वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया था। 2 सितंबर 1924 में उनका जन्म हुआ था। वह द्वारका और ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य थे। देश की आजादी के लिए शंकराचार्य स्वरूपानंद ने अंग्रेजों का भी सामना किया था। उनका बचपन का नाम पोथीराम था। उन्होंने काशी में करपात्री महाराज से धर्म की शिक्षा ली थी। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के समय वह भी आंदोलन में कूद पड़े थे। उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। साल 1989 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली थी। जानकारी के मुताबिक वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर सरकार भी सवाल खड़े कर दिए थे।

- वे 99 वर्ष के थे, 2 सितंबर 1924 में उनका जन्म हुआ था। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के समय वह भी आंदोलन में कूद पड़े थे। उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। साल 1989 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली थी। जानकारी के मुताबिक वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।
- शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर सरकार भी सवाल खड़े कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि भगवा पहन लेने से कोई सनातनी नहीं बनता।

उन्होंने कहा था कि भगवा पहन लेने से कोई सनातनी नहीं बनता। उन्होंने कहा था कि जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट में कोई भी ऐसा शख्स नहीं है जो कि प्राण प्रतिष्ठा कर सके। उन्होंने धन को लेकर भी ट्रस्ट पर सवाल खड़े किए थे।

स्वरूपानंद सरस्वती हिंदुओं के सबसे बड़े धर्मगुरु थे।

राम मंदिर के लिए भी उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। उनके निधन के बाद आश्रम में लोगों को जमावड़ा शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त उन्होंने प्राण त्यागे उनके शिष्य ही वहां मौजूद थे।

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का अंतिम संस्कार सोमवार शाम को झोतेश्वर के राधा स्वामी मंदिर के बाहर भूखंड में भू समाधि दी जाएगी।

परमहंसी गंगा आश्रम के गंगा कुंड के पास अंतिम दर्शन के लिए शंकराचार्य के पाथिव शरीर को रखा गया है। शंकराचार्य के निज सचिव सुबुद्धानंद ब्रहाचारी ने बताया कि शंकराचार्य के ब्रहाचारी शिष्यों के द्वारा भू समाधि दी जाएगी। भक्तों को अंतिम दर्शन गुरू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन और भारत

चेन्नई, 11 सितम्बर (वार्ता)। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में काम करने वाली आबादी 2028 में चीन को पीछे छोड़ देगी।

सीतारमण ने कल रात यहां भारतीय सूचना तकनीकी डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग संस्थान (आई.आई.आई.टी.डी.एम.) कांचीपुरम के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 2019 के आंकड़ों के अनुसार भारत की कामकाजी आबादी 2028 में चीन से आगे निकल जायेगी।

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि , भारत में कामकाजी आबादी 2028 में चीन को पीछे छोड़ देगी।

उन्होंने कहा कि 2036 में हमारी आबादी का 65 प्रतिशत कामकाजी आबादी के रुप में पहुंच जायेगी और यह 2047 तक उस स्तर पर रहेगी। जिन्होंने इस तरह के संस्थानों से स्नातक किया है उत्पादकता में अपना योगदान दें।

# अपनी ही सरकार के खिलाफ बोले कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी

## हेमाराम ने कहा, जनता को लूटा जा रहा, मेरे पास इतने फोन आए, नींद हराम हो गई

बालोतरा, 11 सितम्बर (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी ने अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मंत्री हेमाराम चौधरी ने बाड़मेर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बजरी खनन को लेकर जनता को लूटा जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैंने खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया को फोन करके बता दिया है। आने वाले दिनों में अगर बजरी खनन की लूट को नहीं रोका गया तो मैं जनता के साथ खड़ा रहूंगा। बजरी 550 रुपए टन से ज्यादा भाव में बेची जा रही है। रायल्टी पर्ची 40 रुपए के आसपास काटी जा रही है। खनन माफिया एक तो सरकार राजस्व का नुकसान कर रहे हैं। दूसरा जनता को लूट रहे हैं।

चौधरी ने कहा कि बजरी खनन को लेकर लोगों के इतने फोन आते हैं, मेरी नींद ही हराम कर दी है। लोग बोलते हैं कि हमें लूटा जा रहा है। तब मैंने हकीकत का पता किया। पता चला कि सही में जनता को लूटा जा रहा है। बाड़मेर की सबसे बड़ी समस्या बजरी की है। जो जनता लूट रही है। उसका नुकसान हम सबको उठाना पड़ेगा।

- मेरे लिये पहले जनता है, उसके बाद सरकार है, लूटने वालों के साथ मैं खड़ा नहीं रह सकता : चौधरी
- 'खनन स्वीकृति के बाद भी रॉयल्टी 45 रुपए टन है, जबकि इसकी जगह 550 रुपए टन से ज्यादा लिए जा रहे हैं।'

मंत्री ने कहा बजरी खनन मामले में लोगों की मांग सही है। मेरे लिए पहले जनता है। उसके बाद सरकार है। लूट करने वालों के साथ मैं खड़ा नहीं रह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फैक्ट्री में आग, 4 मजदूरों की मौत

अहमदाबाद, 11 सितम्बर। गुजरात के सूरत शहर में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 4 मजदूर की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य झुलस गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। फैक्ट्री के अंदर कूलिंग का काम अब भी जारी है।

सूरत पुलिस के एसीपी आर.एल. मवानी ने बताया कि सचिन गुजरात

- गुजरात में हुई इस दुर्घटना में लगभग 20 घायल हो गए।

औद्योगिक विकास निगम (जीआइडीसी) क्षेत्र में स्थित अनुपम केमिकल फैक्ट्री में शनिवार रात करीब 10 बजे भीषण आग में चार मजदूरों की मौत हो गई और लगभग 20 घायल हो गए।

इससे पहले सूरत के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारिख ने रविवार को कहा कि शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे सचिन गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) क्षेत्र में स्थित अनुपम केमिकल इंडिया लिमिटेड की फैक्ट्री में खतरनाक केमिकलों से भरे कंटेनर में भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन की 32 फर्जी कंपनियों का मास्टरमाण्ड दिल्ली में गिरफ्तार

## ये कंपनियां भारत में फर्जी तरीके से कामकाज करके देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहीं थीं

नई दिल्ली 11 सितंबर (वार्ता)। भारत में चीनी शेल (मुखौटा) कंपनियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एस.एफ.आई.ओ.) ने मुख्य साजिशकर्ता और रैकेट मास्टरमाइंड डॉर्टसे को गिरफ्तार किया है।

डॉर्टसे दिल्ली एन.सी.आर. से बिहार के एक सुदूर इलाके में भाग गया था और सड़क मार्ग से भारत से भागने की कोशिश कर रहा था।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एम.सी.ए.) ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा,तुरंत, एस.एफ.आई.ओ. में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसे उक्त दूरस्थ स्थान पर प्रतिनियुक्त किया गया। दस सितंबर, 2022 की शाम को, एस.एफ.आई.ओ. ने डॉर्टसे को गिरफ्तार किया था, जिन्हें बाद में न्यायिक न्यायालय में पेश किया गया और उनकी ट्रांजिट रिमांड के आदेश प्राप्त किए गए।

आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि डॉर्टसे जिलियन इंडिया लिमिटेड के बोर्ड में है और स्पष्ट रूप से भारत में चीनी लिंक वाली बड़ी संख्या में मुखौटा कंपनियों को शामिल करने तथा अपने बोर्ड में नकली निदेशक प्रदान करने के पूरे रैकेट के मास्टरमाइंड के रूप में उभरा है।

एम.सी.ए. ने कहा, आर.ओ.सी. (कंपनियों के रजिस्ट्रार) दिल्ली द्वारा जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्य और एक साथ तलाशी अभियान स्पष्ट रूप से कई मुखौटा कंपनियों में डमी के रूप में काम करने के लिए जिलियन इंडिया लिमिटेड द्वारा भुगतान किए जा रहे डमी निदेशकों को इंगित करता है।

- चीन की कंपनियों के इस रैकेट के मास्टरमाण्ड डॉर्टसे भारत से विदेश भागने की फिराक में था जब उसे गिरफ्तार किया गया।

एम.सी.ए. ने आगे कहा कि साइट से कंपनी सील और डमी निदेशकों के डिजिटल हस्ताक्षर से भरे बक्से भी बरामद किए गए हैं।

एम.सी.ए. ने कहा,भारतीय कर्मचारी एक चीनी इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के माध्यम से चीनी समकक्षों के संपर्क में थे। हसीज़ लिमिटेड को भी जिलियन इंडिया लिमिटेड की ओर से काम करते हुए पाया गया था।

प्रारंभिक टिप्पणियों से पता चलता है कि हसीज़ लिमिटेड का जिलियन हांगकांग लिमिटेड के साथ एक समझौता था। जांच अब तक इन मुखौटा कंपनियों की देश की वित्तीय सुरक्षा के लिए हानिकारक गंभीर वित्तीय अपराधों में संलिप्तता का पता चला है।

कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा आठ सितंबर 2022 को गुड़गांव में जिलियन कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर में फिनिंटी प्राइवेट लिमिटेड और हुसिस कंसल्टिंग लिमिटेड (हैदराबाद में एक पूर्व सूचीबद्ध कंपनी) के कार्यालयों में किए गए एक साथ तलाशी एवं जब्ती अभियान के बाद एस.एफ.आई.ओ. ने डॉर्टसे को गिरफ्तार किया है।

कंपनी रजिस्ट्रार के पास दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार डॉर्टसे ने खुद को हिमाचल प्रदेश के मंडी का निवासी बताया था। एम.सी.ए. जिसके तत्वावधान में एस.एफ.आई.ओ. संचालित होता है, ने नौ सितंबर, 2022 को जिलियन कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और 32 अन्य कंपनियों की जांच एस.एफ.आई.ओ. को सौंपी थी।



## विचार बिन्दु

**वह जो अपने प्रियजनों से अत्यधिक जुड़ा हुआ है। उसे चिंता और भय का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सभी दुःखों कि जड़ लगाव है। इसलिए खुश रहने कि लिए लगाव छोड़ दीजिये। –चाणक्य सुविचार**

# सम्मान: क्यों, किसका और कैसे?

यह एक कृतज्ञ समाज का लक्षण है कि वह अपने बीच रहने वाले गुणीजन का सम्मान करे। गुणी अनेक अर्थों और संदर्भों में हो सकते हैं, और यह गुणग्राहक पर निर्भर करता है कि वह किसके किस गुण पर मुग्ध होता है। कोई पराक्रम पर मुग्ध हो सकता है तो कोई संवेदनशीलता पर, कोई समृद्धि पर मुग्ध हो सकता है तो कोई त्याग पर, कोई ज्ञान पर मुग्ध हो सकता है तो कोई सहज बुद्धि पर। गुणों के अनेक, बल्कि कहें अगणित आकार-प्रकार हो सकते हैं। इधर हम अपने समाज में सम्मान का चलन बढ़ा हुआ पाते हैं और इसे शुभ माना जा सकता था। लेकिन जब हम सम्मानों के इस गोरखधंधे को देखते हैं तो शुभ के अतिरिक्त भी काफी कुछ नज़र आता है।

सम्मान करने वाले सम्मान के पात्र का चयन करने में जितनी मेहनत करते हैं, उससे ज़्यादा सम्मान करने वाले के चयन पर करते हैं। चयन पर भी और उसे सम्मान करने के लिए लाने पर भी। यह सम्मान करने वाला प्राय: कोई उच्च पदस्थ व्यक्ति होता है। कोई मंत्री, कोई जन प्रतिनिधि, कोई अफसर, कोई धर्माचार्य, कोई ऐसा व्यक्ति जो व्यावसायिक रूप से बहुत सफल हो। इस अंतिम श्रेणी के व्यक्ति को आजकल एक नया और ज़्यादा सम्मानजनक पदनाम दे दिया जाता है- समाज सेवी। अब ये सारे लोग बहुत व्यस्त होते हैं, इनकी उपलब्धता तो दूर की बात है, इन तक पहुंच पाना ही कठिन होता है। तो सम्मान आयोजित करने वाले व्यक्ति (या संस्थाएं) अनेक किस्म की जुगत भिड़ाकर जैसे-तैसे इन महान लोगों तक पहुंचते हैं और फिर न जाने कितने और कैसे-कैसे प्रयासों के बाद इनके बहुमूल्य समय में से कुछ समय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करते हैं। इनकी व्यस्तता का गुणगान अनिवार्यत: इनके स्वागत के समय किया जाता है। तभी हम जैसे अज्ञानियों को उनकी अत्यधिक व्यस्तता का पता चलता है।

दूसरी तरफ जिनका सम्मान किया जाना है उनके चयन का काम भी कम कठिन नहीं होता है। कुछ को आयोजक गण चुनते हैं और कुछ जैसे-तैसे धक्का-मुक्की या जोड़-बाकी-गुणा-भाग करके उस सूची में प्रवेश पा लेते हैं। होते-होते सम्मानितों की सूची काफी लम्बी हो जाती है। आखिर आयोजकों की भी तो मज़बूरियां होती हैं। इस लम्बी सूची के कारण कई सारी परेशानियां पैदा हो जाती हैं। सम्मान में तो ख़ैर ज़्यादा कुछ खर्चा होता नहीं है। शॉल, नारियल, माला, मान पत्र। इतना काफी होता है। जहां दस के लिए इनको जुटाया था वहां बीस-पच्चीस-पचास के लिए जुटा लिया जाता है। सम्मान में मितव्ययिता का एक रास्ता कोरोना ने भी दिखा दिया था, और उस रास्ते का सदुपयोग अब भी खूब सारे सम्मान प्रदाता कर रहे हैं। इस रास्ते पर चलने में ***हींग लगे न फिटकरी*** वाला मुहावरा काम आता है। यह रास्ता है ऑनलाइन सम्मान का। बस सम्मान का एक टेम्प्लेट तैयार करवा लें, उसमें लोगों के नाम भरते चले जाएं और फिर उस सम्मान पत्र को ई मेल से भेज दें। सम्मानित प्रतिभा उसी को सोशल मीडिया पर प्रदर्शित कर कृतार्थ होती रहेगी। समारोह में प्रदान किए जाने वाले सम्मान के संदर्भ में असल संकट तो समय का होता है। जिस या जिन महापुरुषों को सम्मान प्रदान करने के लिए बुलाया जाता है, उनके पास समयाभाव होता है। वे ज़्यादा समय कार्यक्रम में रुकने को तैयार नहीं होते हैं। वैसे भी इस तरह के कार्यक्रमों में औपचारिकताएं ही बहुत समय ले लेती हैं। स्वागत, माल्यार्पण, स्मृति चिह्न समर्पण – ये सब तो हैं ही, बड़े मेहमानों के सम्मान में उनके कद और पद के अनुरूप प्रशस्ति गान जितना ज़रूरी होता है उतना ही ज़रूरी उनके प्रवचन अमृत से लाभान्वित होना भी होता है। और इस बात के लिए हमारे बड़े लोगों की सराहना करनी पड़ेगी कि भले ही उनके पास कितना ही समयाभाव क्यों न हो, जहां भाषण देने का मौका आता है, वे इस समयाभाव की बंदिश से स्वयं को मुक्त कर लेते हैं। उनकी जिह्वा किसी बेलगाम अश्व की तरह दौड़ने लगती है। फिर न उन्हें समय का ध्यान रहता है न अवसर का। जितना और जैसा ज्ञान उन्होंने अर्जित किया है उस सबको वे बहुत उदारता से उपस्थित समुदाय पर बरसाते चले जाते हैं। इस सबके कारण आयोजकों के सामने यह संकट पैदा हो जाता है कि जिन्हें सम्मानित होने के लिए बुलाया गया है, उन्हें कैसे जल्दी से जल्दी निबटाया जाए।

**सबसे ख़ास बात यह कि सम्मान करते वक्त सम्मानित को वाकई सम्मानित किया जा रहा है, या उसे एक कोने में खड़ाकर सम्मानित करने वाला ख़ुद सम्मानित हो रहा या अपना उल्लू सीधा कर रहा है। दुर्भाग्य की बात यह है कि आजकल अधिकांश सम्मानों का यथार्थ यही है। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होगा कि जो लोग इस सारे खेल को समझते हैं कम से कम वे तो इस तरह सम्मानित होने से मना कर दिया करें?**

बहुत सारे समझदार आयोजक ख़ास मेहमानों के आने से पहले सम्मान की घास काट कूट कर मैदान साफ़ कर देते हैं ताकि इन ख़ास मेहमानों का कीमती समय बर्बाद न हो। अभी हाल में राजस्थान के एक सरकारी आयोजन में भी ऐसा ही किया गया। कुछ अन्य आयोजक सम्मानितों को झुण्ड में खड़ा करके एक साथ सम्मानित करके समय की बचत कर लेते हैं। अगर सम्मानित का प्रशस्ति वाचन भी होना है तो उसे संक्षिप्त करके या सुपर एक्सप्रेस की गति से करके कीमती समय बचाया जाता है। आखिर समय तो बहुत कीमती होता है, ख़ास तौर पर मंचासीन महापुरुषों का! वैसे तो आयोजक अपनी तरफ से ही इस बात का ध्यान रखते हैं और अगर उनका ध्यान चूक जाए तो आमंत्रित अतिथि के दांये-बांये रहने वाले या फिर खुद अतिथि ही उन्हें कार्यक्रम जल्दी समाप्त करने के लिए कह देते हैं। इस तरह सम्मान प्रदान करने की रस्म अदायगी हो जाती है।


मैंने प्राय: यह देखा है कि इस तरह के कार्यक्रम से पहले और कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद अखबारों को जो विज्ञिप्तयां आयोजकों की तरफ से भेजी जाती हैं, उनमें मुख्य अतिथि, अध्यक्ष और अन्य विशिष्ट जन के भाषणों का तो खूब ज़िक्र होता है लेकिन जिन्हें सम्मानित किया गया उनके नामों और काम की बजाय उनकी संख्या देकर काम चला लिया जाता है – समारोह में पैंतीस विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया गया! अभी एक संस्था की विज्ञिप्त देखी, जिसमें बताया गया कि उनके आयोजन में पांच सौ लोगों का सम्मान किया गया! ज़ाहिर है कि किसी भी ख़बर में पांच सौ लोगों का नाम नहीं दिया जा सकता। लेकिन जब पांच-सात सम्मानितों के भी नाम अनुपस्थित होते हैं तो अजीब लगता है। अजीब भी और बुरा भी। सोचने की बात यह भी है कि पांच सौ लोगों का एक साथ सम्मान करना उनका सम्मान है या अपमान!

यह सब देखकर मेरा मन क्षुब्ध हो जाता है। मैं सोचता हूं क्या ये सम्मान समारोह वाकई किसी या किन्हीं प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए किए जाते हैं? या इनका मक़सद कुछ और होता है? जिस तरह से आम तौर पर इनका आयोजन होता है उसे देखकर तो ज़रा भी नहीं लगता कि कोई किसी का सम्मान करना चाह रहा है! असल में सम्मान तो एक बहाना होता है। इस बहाने से जैसे-तैसे बड़े लोगों का सान्निध्य प्राप्त करने का अवसर जुटाया जाता है। यह समझा जा सकता है कि सान्निध्य के प्रति इतनी ललक क्यों होती है! हो सकता है चंद भोले लोग बड़ों के साथ तस्वीर खिंचवा कर या उन्हें गुलदस्ता भेंट कर ही धन्य हो लेते हों, और ऐसे लोगों की भी हमारे समाज में कमी नहीं है। लेकिन जो असल खेल खेलते हैं वे बहुत सोच-समझकर यह सब करते हैं। वे इन प्रतिभाओं को सीढ़ी के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। यह भी होता है कि इस तरह के सम्मान आयोजित करने वाले लोग या संस्थाएं ऐसा करके अपनी छवि को चमकाते हैं। बहुत सारे लाभ अर्जित करने के लिए इनका विश्वसनीय होना ज़रूरी होता है और यह विश्वसनीयता हासिल करने का एक तरीका ऐसे आयोजन करना भी है।

सम्मान हमारे देश में पहले भी होते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि बड़ी राशि से ही कोई सम्मान महत्वपूर्ण हो जाता है। बहुत बार तो यह भी हुआ है कि बहुत बड़ी राशि के बावज़ूद विभिन्न कारणों से कोई सम्मान अपेक्षित गरिमा प्राप्त नहीं कर पाया है। याद करेंगे तो ऐसे भी अनेक उदाहरण याद आ जाएंगे जहां लोगों ने बहुत बड़े या बहुत बड़ी धनराशि वाले सम्मान अस्वीकार किए हैं, और ऐसे भी अनेक पुरस्कार याद आ जाएंगे, जिनके साथ राशि भले ही कम दी गई हो, उनका महत्व खूब रहा है। इसलिए किसी भी सम्मान के लिए उसके साथ प्रदान की जाने वाली राशि का अनिवार्य संबंध नहीं होता है। देखने की बात यह होती है कि सम्मान किस भावना से दिया जा रहा है, जिसका सम्मान किया जा रहा है वह वाकई उसका पात्र है या नहीं, उसका चयन कितनी गंभीरता और निष्पक्षता से किया गया है, और सबसे ख़ास बात यह कि सम्मान करते वक्त सम्मानित को वाकई सम्मानित किया जा रहा है, या उसे एक कोने में खड़ाकर सम्मानित करने वाला ख़ुद सम्मानित हो रहा या अपना उल्लू सीधा कर रहा है। दुर्भाग्य की बात यह है कि आजकल अधिकांश सम्मानों का यथार्थ यही है। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होगा कि जो लोग इस सारे खेल को समझते हैं कम से कम वे तो इस तरह सम्मानित होने से मना कर दिया करें?

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत



मनसुख मांडविया

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जी हमेशा कहते हैं कि जब 130 करोड़ देशवासी एक साथ एक कदम आगे बढ़ाते हैं तो पूरा देश 130 करोड़ कदम आगे बढ़ जाता है।

प्रधानमंत्री जी का समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में जनभागीदारी के प्रति अटूट विश्वास है। इस सामूहिक शक्ति और एकता की लहर से क्या हम नया भारत बना सकते हैं, जो 2025 में टीबी (क्षयरोग) मुक्त हो? प्रत्येक व्यक्ति का एक छोटा सा प्रयास भी एक 'जन-आंदोलन' को गति देता है। सरकार और जनता मिलकर जब कार्य करती है तो कोई भी अभियान शत-प्रतिशत सफल होता है। इसके उदाहरण हैं- स्वच्छ भारत अभियान, कोविड टीकाकरण अभियान और हाल ही में संपन्न 'हर घर तिरंगा' अभियान।

हम एक देश के तौर पर इसी सामूहिक जनभागीदारी के मंत्र के साथ 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं। जब विश्व ने दुनिया से टीबी उन्मूलन के लिए वर्ष 2030 का लक्ष्य रखा, तब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसी सामूहिक जनभागीदारी में विश्वास रखते हुए भारत को टीबी मुक्त करने के लिए दुनिया से पांच वर्ष पहले यानी कि वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया। इसी लक्ष्य के संदर्भ में भारत सरकार ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नि-क्षय पोषण योजना की शुरुआत की। जिसमें 2018 से जून 2022 तक 62.71 लाख टीबी रोगियों को 1,651 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसमें डीबीटी के माध्यम से टीबी रोगियों को 500 रुपये कि राशि सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचाना भी शामिल है, जिससे उन्हें अपनी पोषक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है।

मैं इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का उल्लेख भी करना चाहूँगा, जिन्होंने टीबी से पीड़ित मरीज़ों को गोद लेने का अभियान चलाया और उस अभियान को अपार सफलता मिली।

उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर टीबी के इस अभियान को आगे और मजबूती प्रदान करते हुए भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत 'नि-क्षय 2.0' पोर्टल शुरू किया है।

इस अभियान का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने 9 सितंबर, 2022 को किया है।यह पोर्टल टीबी मरीजों को सामुदायिक सहयोग देने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। इस पोर्टल पर जाकर समाज का कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी मरीजों की मदद 'नि-क्षय मित्र' बनकर कर सकता है।

इस अभियान का एक मुख्य भाग है टीबी मरीज़ों को गोद लेना। जिसका मूल उद्देश्य है कि हम समाज में टीबी मरीजों के प्रति प्रचलित भेदभाव को मिटा सके, टीबी से जूझ रहे लोगों के साथ हाथ मिलाना है, उनके लिए पोषण और सामाजिक समर्थन सुनिश्चित कर सकें तथा उनको सामान्य जीवन जीने में सहयोग कर सकें।टीबी मरीजों की सहायता हेतु 'नि-क्षय 2.0' पोर्टल (प्ूेः//म्दस्स्ल्हग्बेल्ज्ज्दू.हर्ग्र्ेब.गह/) पर लॉग-इन कर सामुदायिक सहयोग कर सकते हैं। इस पहल के तहत कोई भी व्यक्ति, सहकारी संस्थाएं, कॉर्पोरेट जगत, गैर-सरकारी संगठन, राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि भीटीबी रोगियों को सहायता प्रदान करने के लिए गोद ले सकते हैं।

टीबी मरीजों को तीन प्रकार से मदद की जा सकती है। पहली मदद, उनके पोषण की जरूरतों को पूरा करने के लिए पोषण आवश्यकता अनुसार पौष्टिक खाद्य सामग्री एक पोषण किट के रूप में उपलब्ध कराना। दूसरी मदद, अतिरिक्त लैब आधारित जांच में सहायता देना। तीसरा सहयोग, टीबी मरीजों को रोजगार प्राप्त करने के लिए जरूरी व्यवसायिक कौशल वर्धन द्वारा उनका क्षमता निर्माण करके रोजगार देने के लिए आगे आना। भारत के किसी भी जिले या ब्लॉक में टीबी रोगियों को आप न्यूनतम एक साल और अधिकतम तीन साल तक गोद लेकर उनका सहयोग कर सकते हैं।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए मुफ़्त दवाई, टीबी संबंधित विविध मुफ़्त जांच तथा कई प्रकार की अन्य मदद भी की जाती है। परंतु मेरा मानना है कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप सभी की जनभागीदारी एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगी।

मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि जन-आंदोलन को सही मायने में साकार करने के लिए इस मिशन का हिस्सा बनें और टीबी के खिलाफ देश की इस सामूहिक लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनें। जैसे हम कोविड के विरुद्ध सशक्त लड़ाई लड़ रहे हैं, उसी प्रकार टीबी उन्मूलन के लिए भी सामुदायिक समर्थन से एक संगठित लड़ाई लड़ेंगे।

मैं आज आपके सामने रामायण का एक अंश साझा करना चाहूँगा। जब प्रभु श्री राम लंका जाने के लिए पुल का निर्माण कर रहे थे तब मदद के लिए एक गिलहरी भी आई। प्रभु श्री राम ने उसके इस छोटे से योगदान को भी सराहा।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में देशवासी उस गिलहरी से प्रेरणा लेकर इस ईश्वरीय कार्य से भारत को टीबी मुक्त बनाने में एक बहुत बड़ा सेवा कार्य कर सकती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के इस मूलमंत्र से, मानवता का यह कार्य करने के लिए, इस जन-आंदोलन में आप अवश्य जुड़ेंगे और 2025 तक भारत को टीबी मुक्त कर देंगें।

टीबी हारेगा, देश जीतेगा।

**–मनसुख मांडविया,**
**लेखक भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं खाद मामलों के केंद्रीय मंत्री हैं।**

# जयपुर-फुलेरा रूट पर यात्री गाड़ियों का लोगों को नहीं मिल पा रहा समुचित लाभ

**■ कोरोना से पूर्व आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर लगभग 26 यात्री ट्रेनों का यहां स्टॉपेज था जो घटकर आधा रह गया**

**बोराज,** (निसं)। कोरोना काल के बाद यात्री गाड़ियों के आने-जाने के समय वह स्टॉपेज को लेकर जो हालात यात्री गाड़ियों के बिगड़े हैं उनमें आज भी बहुत सुधार होना बाकी है। ग्रामीणों ने बताया रेलवे प्रशासन की सूझबूझ के अभाव में उपयुक्त समय में ट्रेनों का संचालन नहीं होने व कई यात्री गाड़ियों का अब आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकने से यात्रियों को ट्रेनों का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है।

जयपुर फुलेरा रेल मार्ग पर स्थित आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन जहां कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के दर्जन भर गांवों ढाणियों के लगभग 4000 लोग रोजाना अपने दैनिक कार्यों को लेकर रेलों में सफर करते हैं वहां आज भी जयपुर बीकानेर, योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, लीलन एक्सप्रेस, जैसलमेर दिल्ली एक्सप्रेस व हनुमानगढ़ एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण यात्री गाड़ियां अब नहीं रुकती जिनका कोरोना काल से पहले यहां स्टॉपेज था।

दैनिक यात्रीगण प्रेम शंकर शर्मा, जगदीश सारड़ी वाल भोलूराम कुमावत, ब्रजमोहन शर्मा आदि ने बताया कोरोना से पूर्व आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर लगभग 26 यात्री ट्रेनों का यहां स्टॉपेज था जो घटकर आधा रह जाने से यात्रियों को समय पर ट्रेन नहीं मिलने से काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही आज भी कई ट्रेनों में एमएसटी सुविधा अलाउ नहीं होने पर निश्चित ट्रेन के इंतजार में लोगों का घंटों कीमती समय यूं ही बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कोरोना काल से पहले सुबह शाम निश्चित समय पर यात्री गाड़ियों के आने जाने की जो सुविधा उपलब्ध थी वो अब नहीं मिल रही है।

यात्री गाड़ियों के यहां नहीं रुकने से मजदूर वर्ग काफी परेशान है। इस संदर्भ में रेलवे प्रशासन को क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के माध्यम से सुधार के लिए कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया दोपहर बाद जोधपुर भोपाल एक्सप्रेस 3.45 व अमरापुर अरावली एक्सप्रेस 4:03 पर दोनों यात्री गाड़ी लगभग साथ-साथ आसलपुर जोबनेर से जयपुर की ओर जाती है उसके बाद 4 घंटे तक जयपुर जाने की यहां से कोई यात्री गाड़ी नहीं है इसमें काफी सुधार की गुंजाइश है।

दूसरा जोधपुर भोपाल यात्री गाड़ी का आसलपुर जोबनेर स्टेशन से जयपुर के बीच में 3 स्टेशनो पर स्टॉपेज के बाद जयपुर पहुंचने का एक घंटा 10 मिनट निर्धारित समय है वहीं दूसरी अमरापुर अरावली एक्सप्रेस यात्री गाड़ी काआसलपुर जोबनेर स्टेशन से नॉन स्टॉप सीधे जयपुर पहुंचने का एक घंटा 52 मिनट का समय निर्धारित कर रखा है जो रेलवे समय सारणी में चूक को दर्शाती है।


ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से कोरोना काल में जिन ट्रेनों का ठहराव बंद हुआ था उन सभी ट्रेनों का फिर से पूर्व की भांति ठहराव करवाने व एमएसटी सुविधा की अनुमति दिलवाने सहित अन्य समस्याओं का सुधार कर राहत प्रदान करने की मांग की है।

# घायल युवक को अस्पताल पहुंचा कलेक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता

**■ आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो गया था युवक**

**उदयपुर,** (कासं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने रविवार को संवेदनशीलता दिखाते हुए आकाशीय बिजली गिरने से घायल एक युवक को तुरंत तहसीलदार की गाड़ी में चिकित्सालय के लिये रवाना किया और परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

कलेक्टर तारचंद मीणा कोटड़ा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करने के पश्चात कोटड़ा से पानरवा मार्ग पर थे। इस दौरान पाथरवाड़ी गांव में अचानक ही कुछ ग्रामीणों की भीड़ देख अपनी गाड़ी रुकवाई। ग्रामीणों ने बताया कि लक्ष्मण नामक एक युवक जब वह मवेशी चारा रहा था तो उस पर आकाशीय बिजली गिर गई है एवं इस हादसे में तीन मवेशियों की मृत्यु भी हो गई है। इस पर कलेक्टर ने देखा कि लक्ष्मण अचेत पड़ा था और परिजन विलाप कर रहे थे। कलेक्टर ने बिना विलंब करते हुए तुरंत तहसीलदार की गाड़ी में घायल लक्ष्मण को रखवाया और तुरंत प्रभाव से अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल के स्टाफ से भी बात कर त्वरित गति से इलाज करने के निर्देश दिए।



**उदयपुर जिले में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बिजली गिरने से घायल व्यक्ति को तहसीलदार की गाड़ी में अस्पताल पहुंचाया।**

# 150 पलंग वाले नसीराबाद चिकित्सालय की व्यवस्था बदहाल

## मौन धारण किए बैठे हैं जनप्रतिनिधि, विधायक भी गुमनामी के आगोश में

**■ चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ की कमी के चलते अव्यवस्थाओं का अंबार लगा पड़ा है**

**■ करोड़ों रुपयों के चिकित्सा उपकरण होने के बावजूद विशेषज्ञों व नर्सिंग स्टाफ के अभाव में बेकार पड़े हुए हैं**

**नसीराबाद,** (निसं)। 150 पलंग वाले उपखंड के सबसे बड़े राजकीय सामान्य चिकित्सालय में चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ की कमी के चलते अवस्थाओं का अंबार लगा पड़ा है। चिकित्सालय की बदहाली के चलते रोगियों को राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। राजकीय सामान्य चिकित्सालय में प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्र के हजारों रोगियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं। राजकीय सामान्य चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं के चलते रोगियों को निजी चिकित्सालय में जाकर महंगा इलाज करवाने पर मजबूर होना पड़ता है। इस संदर्भ में कई बार चिकित्सा प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद चिकित्सा व्यवस्था में कोई सुधार होता नजर नहीं आता। राजकीय सामान्य चिकित्सालय में करोड़ों रुपयों के चिकित्सा उपकरण होने के बावजूद विशेषज्ञों व नर्सिंग स्टाफ के अभाव में बेकार पड़े हुए हैं। चिकित्सालय की चिकित्सा व्यवस्थाओं के सुधार के संदर्भ में विधायक रामस्वरूप लांबा को भी अवगत कराया गया था परंतु ऐसा लगता है कि विधायक को नसीराबाद शहरी क्षेत्र से कोई लेना देना नहीं है वे शहरी क्षेत्र में मात्र फीता काटने व उद्घाटन समारोह में भाग लेने आते है और वहीं से चले जाते हैं।

साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं से उनका कोई सरोकार ना हो। चिकित्सा विभाग के अधिकारी नसीराबाद आकर चिकित्सालय को क्लीन चिट देकर चले जाते हैं या झूठे आश्वासन पत्रकारों को थमा देते हैं और कुछ समाचार पत्र चिकित्सालय व प्रभारी की तारीफ के पुल बांध देते हैं और चिकित्सालय की बदहाली पर पर्दा डाल देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकारियों के आने की सूचना पाते ही चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को चंद घंटों के लिए दुरुस्त कर दिया जाता है वह चंद चापलूस लोगों को अधिकारियों के सामने पेश कर चिकित्सालय की बदहाली पर पर्दा डलवा दिया जाता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 12 सितम्बर, 2022**

आश्विनी मास, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा भाद्र पद नक्षत्र प्रात: 6:59 तक, गंड योग प्रात: 9:30 तक, गर करण दिन 11:36 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा रात्रि 11:07 से मंगलवार दिन 10:38 तक रहेगी। आज तीज का श्राद्ध, पंचक है। महापात योग दिन 2:20 से सांय 6:15 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:47 तक, शुभ 9:19 से 10:54 तक, चर 1:55 से 3:28 तक, लाभ-अमृत 3:28 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:32

**मेष**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संबंध बनेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी अनबन बढ़ने का भय बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आज व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के ब्लॉक स्तरीय मुकाबले आज से, 1853 टीमें बनाई

**बीकानेर,**(कासं)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के ब्लॉक स्तरीय मुकाबले सोमवार से प्रारम्भ होंगे। इससे संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों के लिए 21 हजार 286 खिलाड़ी चयनित हुए हैं। इनमें लूणकरनसर के 3086, श्रीकोलायत के 2200, नोखा के 2412, पांचू के 2126, खाजूवाला के 1900, बीकानेर के 2972, पूगल के 1946, श्रीडूंगरगढ़ के 3320 तथा बज्जू खालसा के 1324 खिलाड़ी सम्मिलित हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों में सर्वाधिक 6900 खिलाड़ी कबड्डी खेलेंगे।

वहीं 5362 खिलाड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट, 4032 खो-खो, 2184 वॉलीबॉल, 1560 हॉकी तथा 1248 खिलाड़ी शूटिंग वॉलीबॉल स्पर्धाओं में भागीदारी निभायेंगे। ब्लॉक स्तरीय खेलों के लिए कुल 1853 टीमें बनाई गई हैं। इनमें कबड्डी की सबसे अधिक 575, टेनिस बॉल क्रिकेट की 383, खो-खो की 336, वॉलीबॉल की 273, शूटिंग वॉलीबॉल की 156 टीमें भाग लेंगी।



बीकानेर में रविवार को राजीव गांधी ग्रामीण ब्लॉक स्तरीय ओलंपिक खेल प्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

■ ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों के लिए 21 हजार 286 खिलाड़ी चयनित हुए हैं

जिला कलेक्टर ने बताया कि सभी ब्लॉक क्षेत्रों में खेल स्पर्धाओं का शेड्यूल निर्धारित कर दिया गया है। मैदानों का चिन्हीकरण एवं समतलीकरण, रैफरियों की नियुक्ति, खेल सामग्री का चयन सहित सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जायेगी तथा ब्लॉक स्तरीय खेलों के उद्घाटन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जायेंगे। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के पूर्वाभ्यास के मद्देनजर शनिवार को खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक स्तर जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ स्कूली विद्यार्थियों ने जमकर अभ्यास किया।

**श्रीगंगानगर**। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल-2022 के ब्लॉक स्तरीय मुकाबले 12 सितंबर से शुरू होंगे। जिले के सभी ब्लॉकों में समारोहपूर्वक उद्घाटन के साथ ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं आरंभ होंगी। गंगानगर ब्लॉक का उद्घाटन समारोह 12 सितंबर को सुबह 10.15 बजे महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में होगा। 15 सितम्बर तक होने वाले ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों में जिले के 9 ब्लॉकों में 1812 टीमों के 20680 खिलाड़ी शामिल होंगे।

कार्यक्रम संयोजक उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा और कार्यक्रम सचिव-गंगानगर पंचायत समिति बीडीओ जितेन्द्र खुराना ने बताया कि सोमवार सुबह 10.15 बजे गंगानगर ब्लॉक का उद्घाटन समारोह महाराजा गंगा सिंह स्टेडियम में होगा। मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार गौड़ और विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ होंगे। जबकि जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा विशिष्ट अतिथि होंगे। जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

श्रीगंगानगर पंचायत समिति प्रधान सुरेन्द्र पाल सिंह, नगर परिषद सभापति करुणा चांडक और जिला परिषद सीईओ मोहम्मद जुनैद भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के स्वागतकर्ता और सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला ने बताया कि इसी तरह अनूपगढ़ ब्लॉक का कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण स्थल अनूपगढ़, पदमपुर ब्लॉक का शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू राउमावि पदमपुर, श्रीकरणपुर ब्लॉक का राउमावि श्रीकरणपुर, सादुलशहर ब्लॉक का राजकीय महिला महाविद्यालय सादुलशहर, श्रीविजयनगर ब्लॉक का राउमावि श्रीविजयनगर, रायसिंहनगर ब्लॉक का महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, घड़साना ब्लॉक का राउमावि नई मंडी घड़साना और सूरतगढ़ ब्लॉक का कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय सूरतगढ़ में होगा।

जिला खेल अधिकारी सुरेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक ब्लॉक पर संबंधित खेल के प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कबड्डी, खो-खो, हॉकी, वॉलीबॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट और शूटिंग बॉल के लिए प्रधानाचार्यों को खेल प्रभारी नियुक्त किया गया है। सभी ब्लॉक स्तर पर नियंत्रण कक्ष गठित करते हुए इन खेलों के लिए शारीरिक शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है।

## सामूहिक क्षमा याचना कार्यक्रम आयोजित

**नोखा,** (कासं)। संवत्सरी के पावन पर्व पर नोखा में प्रथम बार समग्र जैन समाज का सामूहिक क्षमा याचना कार्यक्रम जैन सोसायटी ट्रस्ट के तत्वावधान में पारख गेस्ट हाउस में रखा गया।

ट्रस्ट के महासचिव डॉ महेन्द्र संचेती ने बताया कि समाज के प्रत्येक संस्था के प्रतिनिधि ने अपनी तरफ से खमत खामना की। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष निर्मल भूरा ने क्षमा याचना के साथ पशुधन के लिए तन मन धन से सहयोग की अपील की। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हनुमान मल पींचा ने समग्र जैन समाज को एकजुट होकर समाज के विकास के लिए आगे आने की अपील की।

डॉ प्रेमसुख मरोठी ने बताया कि समाज को सामूहिक क्षमा याचना का कार्यक्रम प्रशंसनीय प्रयास है। जैन सोसायटी के अध्यक्ष शिखरचंद चंद पींचा ने ट्रस्ट के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। तेरापंथ सभा जोरावरपुरा से बाबूलाल बुच्चा ने भी जोरावरपुरा की तरफ से क्षमा याचना की। साधुमार्गी जैन श्रावक संघ से किशन लाल संचेती मोहनलाल पारख अमित ललाणी ने भी अपने विचार रखे, तेरापंथ सभा से मंत्री लाभचंद छाजेड़ इन्द्रचंद बैद, मांगीलाल संचेती शुभकरण चोरडिया मनोज लुणावत, आनंद भूरा व नगर पालिका पार्षद आरती संचेती ने भी अपने विचार रखे। अंत में जैन सोसायटी के संस्थापक व महामंत्री डॉ महेन्द्र संचेती ने संस्था के तीन आयाम सेवा सहयोग व संस्कार के बारे में बताया व सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अनिल जैन सचिव बाबूलाल कांकरिया, सचिव राजेन्द्र कुमार डागा, मदन लूणिया, डॉ सुनील बोथरा, पूर्व पालिका अध्यक्ष बाबूलाल जैन , संदीप चोरडिया आदि उपस्थित थे।

# बीकानेर में अवैध शराब की भट्टी पकड़ी, एक गिरफ्तार

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के खाजूवाला में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब बनाने की मिनी भट्टी के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस युवक को छुड़ाने के लिए मौके पर धक्का-मुक्की की गई। पुलिस ने चालीस लीटर अवैध शराब भी जब्त की है। अब इस मामले में आबकारी अधिनियम के साथ ही धक्का मुक्की की धाराएं भी जोड़ी गई है।

सीमावर्ती खाजूवाला क्षेत्र के चक 11 केवाईडी में खाजूवाला पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथकड़ शराब की भट्टी पकड़ी। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को 40 लीटर अवैध हथकड़ शराब और भट्टी में काम आने वाले सामान के साथ पकड़ा। यहां अवैध तरीके से जमीन में ड्रम लगाकर हथकड़ शराब बनाई जा रही थी। खाजूवाला एसएचओ अरविंद शेखावत ने बताया कि सोना सिंह पुत्र प्यारासिंह जाति रायसिख उम्र 24 वर्ष निवासी 11 केवाईडी (बी) को 40 लीटर अवैध हथकड़ शराब के अलावा लोहे के ड्रम व भट्टी में शामिल उपकरणों को भी जब्त किया गया हैं। पुलिस ने राजस्थान आबकारी अधिनियम के अलावा भादसं की धाराओं में भी मामला दर्ज किया हैं।

■ युवक को 40 लीटर अवैध हथकड़ शराब और भट्टी में काम आने वाले सामान के साथ पकड़ा

■ आरोपी को दबोचा तो आबकारी दल से की धक्का मुक्की

खाजूवाला के 11 केवाईडी में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथकड़ बनाने की मिनी भट्टी पकड़ी। लेकिन जब खाजूवाला पुलिस आरोपी सोना सिंह को पकड़ कर गाड़ी में बिठाने लगी तभी परिजनों द्वारा आरोपी को पुलिस से छुड़ाने के प्रयास किया और धक्का-मुक्की कर उलझ गए।

खाजूवाला थानाधिकारी अरविंद सिंह शेखावत ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस कर्मियों के सहयोग से आरोपी सोना सिंह को छुड़ाकर गाड़ी में बिठाकर थाने लाए। आरोपी सोना सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के साथ-साथ परिजनों द्वारा पुलिस से उलझने व आरोपी को छुड़ाने के प्रयास करने पर भादसं की अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया हैं, जिसकी जांच सब इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह द्वारा शुरू की गई। ये कार्रवाई सीओ खाजूवाला अंजुम कायल के नेतृत्व में की गई।

## मां आशापुरा का तीन दिवसीय मेला 4 से

**बीकानेर,**(कासं)। आशापुरा भंडारा सेवा समिति ट्रस्ट(पोकरण) की प्रथम बैठक स्थानीय एम एम स्कूल के पास, ट्रस्टी राजकुमार व्यास के निवास पर रखी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेम कुमार व्यास ने की।

मां आशापुरा के जय जयकारों के साथ सचिव रामेश्वर बिस्सा ने शारदीय नवरात्रा के उपलक्ष में पोकरण स्थित मां आशापुरा के दरबार में 4 से 6 अक्टूबर को लगने वाले मेले में भंडारे के सफल संचालन हेतु बैठक में उपस्थित ट्रस्टियों के सुझाव मांगे। जिस पर महामंत्री गिरिराज बिस्सा, श्यामसुंदर ओझा, त्रिलोक बिस्सा, जयगोपाल जोशी, बंशीलाल जोशी, गोपाल बिस्सा, आनन्द गहलोत, किसन पंवार, एडवोकेट गोपाल आचार्य, दाऊ जोशी, बजरंग कलवानी, कैलाश गहलोत, जगदीश पंवार, अमरनाथ ओझा, नारायण बिस्सा ने विचार रखे।

# मरीजों का ढाई घंटे तक शुरू नहीं हो सका इलाज

**बीकानेर,**(कासं)। चिंरजीवी योजना में मरीज का नाम जोड़ने की बात को लेकर शनिवार को पीबीएम के ट्रोमा सेंटर में मरीज के साथ आये एक परिजन और वहां कार्यरत कार्मिकों के बीच कहासुनी हो गई। हाथापाई की नौबत आ गई। गुस्साए कार्मिकों ने करीब 12 बजे काम छोड़ दिया। इससे व्यवस्था इस कदर बिगड़ी की 35 से अधिक मरीजों को ढाई घंटे तक परेशान होना पड़ा।

बाहेती चौक में रहने वाली महिला मरीज राजश्री को अचेत अवस्था में ट्रोमा सेंटर में भर्ती किया गया था। शनिवार सुबह उसे न्यूरो वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। इस बीच उसके साथ आये परिजन मरीज का नाम चिरंजीवी योजना में जुड़वाने के लिए रिसेप्शन काउंटर पर गए। वहां पहले से ही मरीजों की भीड़ थी। कार्मिक इंतजार करने को कहा तो परिजन भड़क उठे।

कुछ ही देर में दोनों के बीच हुई कहासुनी हंगामे में बदल गई। यह देख हॉस्पिटल में मरीजों की पर्ची काटने और रजिस्ट्रेशन करने वाले कार्मिकों ने भी अपना काम छोड़ दिया। ट्रोमा इंचार्ज डॉ. बी. एल. खजोटिया सहित सीनियर डॉक्टर मौके पर पहुंचे।

■ ट्रोमा सेंटर में चिरंजीवी योजना में नाम जोड़ने को लेकर हंगामा

उन्होंने परिजनों को समझाकर मामला शांत कराने की कोशिश की। कर्मचारियों को भी समझाकर वापस काम शुरू करने को कहा। मामला सुपरिटेंडेंट तक पहुंचा तो उन्होंने दोनों पक्षों को बुलाकर सुना और मामला शांत कराया।

एक घंटे के इस हंगामे के कारण मरीजों की भीड़ लग गई। कर्मचारियों ने वापस काम शुरू किया।

# मनोबल व आत्मबल से तपस्या संभव : साध्वी

**नोखा,** (कासं)। दृढ़ मनोबल व आत्मबल से तपस्या संभव है। यह विचार नोखा के महावीर चौक स्थित तेरापंथ भवन में साध्वी राजीमती ने तपाभिनंदन समारोह पर बोलते हुए रविवार को रखे। उन्होंने कहा कि इस भयंकर गर्मी में भी दृढ़ मनोबल, आत्मबल व गुरू कृपा से अब भी तपस्याएं जारी है। दुबली-पतली पूजा लोढा (23) की हिम्मत को दाद है कि 30 दिन का मासखमण कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

तेरापंथ महिला मंडल पारख परिवार, लोढा परिवार की बहनों, तेयुप कार्यकर्ता गायक सुरेश बोथरा, साध्वीश्री द्वारा तपस्या की महिमा गीतिका द्वारा अलग-अलग समा बांधा। इन्द्र चंद बैद ने बताया कि पूजा लोढा 30 दिन मासखमण, विनोद नवलखा के 26 दिन, रेखा पारख के 21 दिन, अनिल भूरा के 12 दिन की तपस्या का अभिनंदन समारोह रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोखा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीताराम पंचारिया ने की। तेरापंथ सभा अध्यक्ष निर्मल भूरा, उपाध्यक्ष इन्द्रचंद बैद, मंत्री लाभचंद छाजेड़, ज्ञानशाला प्रभारी महावीर नाहटा, तेयुप अध्यक्ष गजेन्द्र पारख, मंत्री अरिहंत सखलेचा, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बैद मौजूद थी।

■ पूजा लोढा ने 30 दिन का मासखमण कर कीर्तिमान स्थापित किया

## जेवर व नकदी लेकर पत्नी फरार

**बीकानेर,**(कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र के पवनपुरी इलाके की उडिया बस्ती में रहने वाले एक व्यक्ति ने पत्नी सहित दो अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी व चोरी के आरोप में मामला दर्ज करवाया है।

पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी संतोष घर से सोने के जेवर व नकदी चोरी कर ले गई। पवनपुरी शनिदेव मंदिर के पीछे उडिया बस्ती में रहने वाला ट्रक चालक सुभाष राव ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी झुंझुनूं की संतोष से 25 मई को बिना दहेज के हुई थी। शादी के बाद पति सुभाष ड्राइवरी के लिए उड़ीसा चला गया। पीछे से उसकी पत्नी घर में रखी सोने की रखड़ी, फूल, चांदी की पायजेब व नकदी चुराकर ले गई। पीड़ित ने पत्नी, उसके पिताव संदीप के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया है।

# बीकानेर में रिमझिम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**बीकानेर,**(कासं)। पिछले कई दिनों से तेज धूप और चालीस डिग्री तक पहुंचे तापमान ने बीकानेर में गर्मी का अहसास करा दिया था। लेकिन रविवार दोपहर हुई रिमझिम बारिश ने कुछ राहत दी है। मौसम विभाग ने बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश की उम्मीद जताई थी। दरअसल मानसून का एक और दौर बीकानेर को तरबतर कर सकता है।

दोपहर से पहले तक बीकानेर में बारिश की कोई उम्मीद नहीं थी लेकिन दो बजे बाद बादलों ने बीकानेर में डेरा डालना शुरू किया। करीब ढाई बजे बाद शहर के कुछ हिस्सों में रिमझिम बारिश से मौसम सुहावना हुआ है। जवाहर नगर, मुरलीधर व्यास नगर, गजनेर रोड सहित कई एरिया में रिमझिम बारिश हुई है। ऐसे में आज तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने की उम्मीद है। शनिवार को बीकानेर में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान से तेज गर्मी थी लेकिन रविवार को रिमझिम के बाद पारा गिरना तय है।

■ बीकानेर संभाग के जिलों में 13 से 15 के बीच कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है

दरअसल बंगाल की खाड़ी में बना अति कम दबाव का क्षेत्र रविवार तेज होकर बदल चुका है तथा वर्तमान में यह उड़ीसा व छत्तीसगढ़ के आसपास के क्षेत्रों के ऊपर है। इसके अगले 24 घंटों में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश की तरफ आगे बढ़ने तथा धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है।

उपरोक्त तंत्र का सर्वाधिक असर पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर, जयपुर, भरतपुर व अजमेर संभाग के अधिकतर भागों में 13-14 व 15 सितम्बर को हल्की से मध्यम बारिश व कहीं भारी बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर व बीकानेर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं केवल हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

# माहेश्वरी सदन में निःशुल्क एक्यूप्रेशर एवं योग चिकित्सा शिविर शुरू

**बीकानेर,**(कासं)। प्रीति क्लब व माहेश्वरी सदन के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 25 सितम्बर तक जस्सूसर गेट के बाहर कोठारी अस्पताल मार्ग पर स्थित माहेश्वरी सदन में रविवार को 15 दिवसीय निःशुल्क एक्यूप्रेशर एवं योग चिकित्सा शिविर शुरू हुआ।

शिविर में जसवंतगढ़ मूल के कोलकाता प्रवासी सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. ललित सोमानी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। शिविर का विधिवत उद्घाटन समारोह शनिवार को माहेश्वरी सदन में हुआ जिसमें विभिन्न संगठनों से जुड़े समाजसेवी व व्यवसायी जुगल राठी, रैकी चिकित्सक सुखदेव राठी, प्रीति क्लब के अध्यक्ष नारायण दम्माणी व उपाध्यक्ष कामिनी कल्याणी, अशोक बागड़ी, जगदीश कोठारी व राहुल माहेश्वरी ने शिविर की उपयोगिता से अवगत करवाया।



बीकानेर के माहेश्वरी सदन में एक्यूप्रेशर एवं योग चिकित्सा शिविर के उद्घाटन समारोह को डॉ. ललित सोमानी ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि कई बीमारियों का इलाज वर्तमान समय में भी एलोपैथिक चिकित्सा में नहीं है। बिना साइड इफेक्ट के एक्यूप्रेशर, रैकी व योग चिकित्सा के जरिए स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है। वक्ताओं ने बताया कि प्रीति क्लब सामाजिक सरोकार के कार्यों को बिना किसी जाति व धर्म का भेदभाव किए हुए आम लोगों के हितों के लिए पिछले पांच दशक से अधिक समय से कार्य कर रहा है।

■ लकवा, पीलिया, दमा, घुटनों व कमर दर्द, माइग्रेन का इलाज होगा

बीकानेर में क्लब के सहयोग से यह छठा शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर दामोदर दास, श्रिया देवी, व गणेश राठी की स्मृति में महेश राठी परिवार की ओर से आयोजित किया जायेगा। नारायण बिहाणी, अनिता मोहता ने निष्काम सेवा भाव से सेवा का संदेश देने वाले गीत की प्रस्तुति दी।

चिकित्सक डॉ. ललित सोमानी लकवा, पीलिया, दमा, एवं, मोटापा, घुटनों का दर्द,कमर दर्द, माइग्रेन, साइनस, एसिडिटी, ब्लड प्रेशर आदि रोगों का इलाज किया जायेगा।

# 82.8 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी आर.पी.वी.टी. परीक्षा

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा रविवार को बीकानेर, जयपुर और उदयपुर शहर में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आर.पी.वी.टी.-2022 शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई।

आर.पी.वी.टी. समन्वयक प्रो. ए. पी. सिंह ने बताया कि इस बार राजस्थान प्री वेटरनरी टेस्ट में कुल 8158 परीक्षार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश-पत्र जारी किए गए थे। जिनमें से बीकानेर में 10, जयपुर में 5 व उदयपुर शहर में 5 निर्धारित केन्द्रों पर कुल 6758 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा में 82.8 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही।


परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक अभ्यर्थी की मेटल डिटेक्टर एवं आई.डी. प्रूफ जांच के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा की निष्पक्षता को बनाये रखने और परीक्षा में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक और सहायक पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर पैनी नजर रखने के लिए उड़न दस्तों और पुलिस जाब्तों का बंदोबस्त किया गया। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।



बीकानेर में आरपीवीटी परीक्षा सेंटर के बाहर परीक्षार्थियों की गहनता से जांच कर प्रवेश दिया।

## सार-समाचार

### भागवत कथा का शुभारंभ



**बीकानेर,** (कासं)। शिव शक्ति साधना पीठ में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज से हुआ। सात दिवसीय कथा के प्रथम दिन कथा वाचक पं शिवकिशन किराडू ने कहा कि कलयुग में भागवत कल्याण करने का एकमात्र उपाय है। भागवत केवल पुस्तक नहीं है। जैसे भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराम व्यक्ति रूप में दिखते हैं लेकिन वास्तव में भगवान है। इसी प्रकार भागवत कलयुग में साक्षात भगवान का स्वरूप है। आज के प्रसंग में महाराज ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रसंग सुनाए। कथा में नारदजी, भक्ति तथा ज्ञान और वैराग्य के प्रसंग सुनाए। साथ ही कहा कि जीव और परमात्मा का संबंध नित्य है। कलयुग आ गया है ज्ञान और वैराग्य को कोई पूछता नहीं है। आयोजन से जुड़े प्रदीप किराडू ने बताया कि सुबह भागवत परायण के पाठ हुए जिसमें किराडू ने बताया कि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है। आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है।

### दो दिन से टूटे पड़े हैं खंभे व तार

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत भोजेवाला के गांव कानोर में पिछले दो दिनों से विद्युत पोल टूटकर गलियों में पड़े हैं। वहीं विभाग की लापरवाही के चलते दो दिन बाद भी गांव में विद्युत सप्लाई बहाल नहीं हुई है। ऐसे में गलियों में पड़े बिजली के नंगे तारों से ग्रामीण दहशत में है। विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में वार्ड नं 11 में विभाग की लापरवाही के चलते ढीले तार ट्रैक्टर व उसके पीछे जुड़ा कृषि उपकरण में अटक गए। जिससे 11 हजार केवी की विद्युत लाइन के खंभे व तार टूटकर गिर गए। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई इन तारों की चपेट में नहीं आया। वहीं ट्रैक्टर ड्राइवर हादसे में बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों ने बताया विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी मामले लापरवाही बरती जा रही है। गांव की मुख्य गली में तार पड़े होने के कारण गांव की गलियों से आवागमन भी बंद है। ऐसे में गली में नीचे पड़े नंगे बिजली के तारों से वार्ड के लोग दहशत में है। विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदार नहीं होने का हवाला देते हुए सोमवार को दोबारा पोल लगाकर बिजली सप्लाई शुरू करवाने का प्रयास करने की बात कही। पिछले 48 घंटों से बिजली सप्लाई बहाल नहीं हुई है। ऐसे में उनके रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### सीएचसी पीलीबंगा का निरीक्षण किया



**हनुमानगढ़,**(कासं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने पीलीबंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय बैठक ली तथा स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि आज उन्होंने पीलीबंगा में ब्लॉक ऑफिस तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी इंचार्ज डॉ. सुनील अग्रवाल एवं डॉ. हरिओम बंसल से चिकित्सकीय योजनाओं एवं स्टॉफ की जानकारी ली। विभागीय बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सा संस्थान पर प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने निर्माण स्थल पर जाकर कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। ठेकेदार से निर्माण के बारे में जानकारी लेते रहें तथा ध्यान रखें कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में ही पूर्ण हो।

### भक्तामर पूजा अनुष्ठान आज से

**बीकानेर,** (कासं)। भक्तामर प्रसारिका, महतरा पद से विभूषित साध्वीश्री मृगावती, सुरप्रिया व नित्योदया के सानिध्य में सोमवार से 22 दिवसीय भक्तामर पूजा का विशेष अनुष्ठान शुरू होगा। प्रतिदिन भक्तामर के दो दोहों के अनुसार भगवान आदिनाथ व अलग-अलग यंत्रों का पूजन व अभिषेक होगा। छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न इलाकों में रोग, शोक व पाप को दूर कर सुख, समृद्धि व शांति की कामना को लेकर साध्वीश्री मृगावती पिछले 24 सालों से भक्तामर पूजा के अनुष्ठान करवा चुकी है। बीकानेर में वे 25 वें वर्ष भक्ति भाव से स्वयं मंत्रोच्चारण करते हुए पूजन व मंत्रों का जाप करवायेगी। श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि प्रतिदिन भक्तामर पाठ के 2 श्लोकों की गाथा के साथ पूजा होगी। अलग-अलग दिन अलग-अलग श्रावक-श्राविकाए पूजा करवायेंगे। कुल 22 दिनों में 44 गाथाओं की पूजा होगी। यह कार्यक्रम साध्वीश्री मनोहरश्री के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत किया जा रहा है। प्रथम दिन मनोज सेठिया व अनिल सुराणा भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का अभिषेक करेंगे।

# जेईई एडवांस में प्रतिष्ठा के अनुरूप परिणाम नहीं दे पाया कोटा का कोचिंग सेक्टर

## टॉप टेन में मद्रास जोन का रहा बोलबाला, टॉप 500 में दिल्ली जॉन को बढ़त

**कोटा,** (निसं)। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवाने में अग्रणी और प्रतिष्ठित कोटा शहर का कोचिंग सेक्टर इस वर्ष जेईई एडवांस के घोषित परिणामों में अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप परिणाम नहीं दे पाया है। पिछले कुछ समय से कोटा का कोचिंग सेंटर लगातार नीट तथा जेईई मैं ना सिर्फ टॉप रैंक दे रहा था अपितु टॉप 10 के ज्यादातर स्थानों पर कोटा के कोचिंग का ही दबदबा रहता था।

नीट के घोषित परिणामों में तो कैटगरी के हिसाब से कोटा का कोचिंग सेंटर टॉप रैंक देने में सफल रहा लेकिन जेईई एडवांस में उसकी सफलता फीकी रही है। आईआईटी बॉम्बे द्वारा रविवार को घोषित जेईई-एडवांस्ड, 2022 रिजल्ट में बैंगलुरू के छात्र आर के शिशिर ऑल इंडिया टॉपर रहे। उसने 360 में से 314 अंक प्राप्त किये है। गर्ल्स केटेगरी में तनिष्का काबरा 360 में से 277 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉपर रही। पहली बार मेरिट सूची के टॉप-10 में से 5 टॉपर्स आईआईटी मद्रास जोन से सफल हुये हैं। इस परीक्षा में जेईई-मेन से क्वालिफाई हुये 2.50 लाख पात्र अभ्यर्थियों में से 1,60,038 ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 1,55,538 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये। रिजल्ट में 40,712 को काउंसलिंग के लिये क्वालिफाई घोषित किया गया है। प्रत्येक केटेगरी, स्टेट एवं आईआईटी जोन में भी टॉपर्स घोषित किये गये हैं। रिजल्ट में कोटा सहित देश के प्रमुख कोचिंग संस्थानों ने शीर्ष 100 रैंक पर सफलता के दावे किये हैं। इस वर्ष देश के 23 आईआईटी संस्थानों में सीटों की क्षमता 15,031 है। इसके अतिरिक्त 1567 सुपर न्यूमेररी सीटें छात्राओं के लिये आरक्षित होंगी। इस तरह जेईई-एडवांस्ड 2022 में क्वालिफाई हुये 40,712 विद्यार्थियों को 23 आईआईटी में कुल 16,598 सीटों पर प्रवेश दिये जायेंगे।

कोटा के कोचिंग सेंटर की यह रही उपलब्धि-जारी किए गए आंकड़ों से साफ है कि आईआईटी जोन मद्रास टॉप 10 स्टूडेंट्स के मामले में 5 विद्यार्थियों के साथ अव्वल रहा है। जबकि टॉप 500 विद्यार्थियों के आंकड़े के मामले में आईआईटी जोन

- **नीट के घोषित परिणामों में तो कैटगरी के हिसाब से कोटा का कोचिंग सेंटर टॉप रैंक देने में सफल रहा लेकिन जेईई एडवांस में उसकी सफलता फीकी रही है**

दिल्ली सबसे आगे है। यहां से 133 विद्यार्थी टॉप 500 में शामिल हुए हैं। दिल्ली जोन के अव्वल रहने में कोटा का बड़ा हाथ है। क्योंकि यहां पर पढ़ रहे बड़ी संख्या में विद्यार्थी टॉप 500 रैंक लाते हैं। यह कोटा के अलग-अलग कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे थे। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि आईआईटी दिल्ली जोन की सफलता में शिक्षा नगरी कोटा राजस्थान के विद्यार्थियों के श्रेष्ठ परिणाम की बड़ी भूमिका है। घोषित किए गए परीक्षा परिणाम के आंकड़ों के अनुसार दूसरे स्थान पर 132 विद्यार्थियों के साथ आईआईटी मद्रास जोन है। इस सूची के अनुसार आईआईटी बॉम्बे जोन 126 विद्यार्थियों के साथ तीसरे स्थान पर है।

इतिहास की सबसे कम कटऑफ रही-आईआईटी बॉम्बे प्रशासन को इंफॉर्मेशन ब्रोशर में पहले से तय कटऑफ को सभी श्रेणियों के परीक्षार्थियों के लिए घटाकर आधा करना पड़ा है। यानी कि कटऑफ में 50 फीसदी से ज्यादा की कमी की गई। कटऑफ में यह कमी विषयवार व एग्रीगेट दोनों के लिए ही गई है। कटऑफ में इस प्रकार की 2020 व 2021 में भी की गई थी। निजी कोचिंग संस्थान के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि काउंसलिंग में विद्यार्थियों को क्वालीफाई करने के लिए आईआईटी जेईई के इतिहास में सबसे कम कटऑफ रखी गई।

इस वर्ष काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई कटऑफ ओपन की औसतन कटऑफ 15.28, विषयवार 4.40 प्रतिशत, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस की औसतन 13.89 एवं विषयवार 4 प्रतिशत रही है। जबकि एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूडी की औसतन 7.78 एवं विषयवार कटऑफ 2.20 रही, यानी इस साल 360 नम्बर का जेईई एडवांस्ड का पेपर हुआ। जिसमें ओपन के औसतन 55 अंक, विषयवार 05 अंक, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस की औसतन 50 अंक व विषयवार 5 अंक, एससी, एसटी व पीडब्ल्यूडी की औसतन 28 अंक व विषयवार 3 अंक रहे। बीते साल में काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई करने की मिनिमम कटऑफ ओपन कैटेगिरी की औसतन कट ऑफ 17.50, विषयवार 5 प्रतिशत थी। जबकि ओबीसी व ईडब्ल्यूएस की औसतन 15.75 व विषयवार 4.50 प्रतिशत, एससी व एसटी व पीडब्ल्यूडी की औसतन 8.75 व विषयवार 2.50 प्रतिशत कट ऑफ रही। ऐसे में करीब सामान्य व ओबीसी ईडब्ल्यूएस की कटऑफ में करीब दो प्रतिशत और एससी-एसटी व पीडब्ल्यूडी की कटऑफ में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई।

# सचिन पायलट के लिए खून क्या चमड़ी तक दे सकता हूं : विधायक पारीक

## विधायक राकेश पारीक ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की जमकर तारीफ की

**अजमेर/बिजयनगर,** (कासं)। मसूदा विधानसभा क्षेत्र के देव माली गांव में गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण मंदिर पर 2 सितंबर को आयोजित भजन संध्या के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक ने कार्यक्रम को संबोधन में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि मैं उस बाप की औलाद नहीं जो उनके अहसानों को भूल जाऊंगा।

आज मैं जो कुछ भी हूं सचिन पायलट साहब की देन है, विधायक राकेश पारीक ने कहा कि खून देना तो मामूली बात है मैं पायलट साहब के लिए अपनी चमड़ी भी दे सकता हूं। उन्होंने सचिन पायलट को राजस्थान की शान बताया। सचिन पायलट की नेतृत्व क्षमता की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान के कार्यकर्ता पायलट को अपने नेता के तौर पर देखते हैं।

विधायक राकेश पारीक के देवनारायण मेले के अवसर पर आयोजित भजन संध्या के संबोधन के सोशल मीडिया वायरल हुए वीडियो के



**देव माली गांव में आयोजित भजन संध्या में उद्‌बोधन देते क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक।**

पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सचिन पायलट के समर्थकों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। जैव विविधता समिति के अध्यक्ष तरुण कच्छावा,तरुण कच्छावा, पालिका पार्षद राजेन्द्र गुर्जर, दुलीचन्द, जितेंद्र बैरवा, हरीश शर्मा, सीताराम पंवार, ओम प्रकाश मेघवाल, श्याम सुंदर नागौरी, आरिफ सुशील अजमेरा, धर्मी चन्द बुरड़ राजेश तिवारी, अजय घुसर, कन्हैया लाल साहू, अकरम नीलगर, पीरू उस्ताद सहित कांग्रेस कार्यकर्ताकओं ने क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक की निष्ठा तारीफ की।

गौरतलब है कि विगत विधानसभा चुनाव में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट की राकेश पारीक को मसूदा से कांग्रेस का उम्मीदवार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। जुलाई 2020 में सचिन पायलट कांग्रेस के 18 विधायकों को लेकर दिल्ली गये, तब मसूदा विधायक राकेश पारीक साथ थे। मौजूदा समय में पायलट के कोटे से ही राकेश पारीक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री भी है। पायलट जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे, तब राकेश पारीक को सेवादल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पायलट को हटाए जाने पर पारीक को भी सेवादल के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया।

## तालाब पर नहाने गए तीन चचेरे भाइयों की डूबने से मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिले के देचू पुलिस थाना क्षेत्र में सेतरावा गांव में रविवार की शाम को तालाब पर नहाने गए तीन चचेरे भाइयों की पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को देचू चिकित्सालय में भिजवाया गया। बताया कि गहरे पानी में उतरने के साथ गड्ढे से बाहर नहीं निकल पाए।

थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सेतरावा में रविवार की शाम को तालाब पर नहाने गए तीन चचेरे भाईयों इराराम पुत्र पूनाराम जाट, हडमानराम पुत्र लछमणराम जाट एवं रामूराम पुत्र तिलाराम जाट की पानी में डूबने से मौत हो गई। इनके पानी में डूबने की जानकारी पर ग्रामीण एकत्र हो गए। बाद में तहसीलदार भी घटनास्थल पर पहुंचे। तालाब की पाल को जेसीबी की मदद से तुड़वाया गया। पानी कम होने पर शवों को बाहर निकलवा कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। सोमवार को अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता संत प्रताप पुरी महाराज को नजर अंदाज करना सोशल मीडिया में चर्चा बना

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण शनिवार को जोधपुर में ओबीसी मोर्चा राष्टीय कार्यकारिणी की बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्टीय अध्यक्ष लक्ष्मण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया केंद्रीय कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश सहित कई नेताओं की मौजूदगी में स्वर्ण नगरी जोधपुर में 2023 विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संत प्रताप पुरी महाराज की नजर अंदाजी भाजपा के कद्दावर नेताओं द्वारा की गई को लेकर लगातार सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मारवाड के महादेव संत प्रताप पुरी महाराज पोकर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के साले मोहम्मद कैबिनेट मंत्री से सीधी टक्कर के दौरान मात्र कुछ वोटों के अंतर से हार हुई थी वही संत प्रताप पुरी महाराज का मारवाड के क्षेत्र में जनमानस होने



**भाजपा के वरिष्ठ नेता संत प्रताप पुरी महाराज की नजर अंदाजगी को लेकर लगातार सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है।**

के साथ ही साथ मतदाताओं में सीधी पकड एवं आम मतदाताओं के बीच में प्रतिदिन मिलना आम बात सी है। तारातरा मठ के संत प्रताप पुरी महाराज का गुजरात एवं राजस्थान के कई विधानसभा क्षेत्रों में अच्छी पकड मतदाताओं में होने के साथ ही साथ जनमानस की भावना संत प्रताप पुरी के इशारों पर रहती है। वही संत प्रताप पुरी महाराज के अमित शाह की बैठक के दौरान भीड में जगह दी गई थी । वही उचित स्थान नहीं मिलने के कारण सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के साथ ही जनमानस में जबरदस्त आक्रोश का नजारा सोशल मीडिया पर लगातार चल रहा है।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता संत प्रतापपुरी महाराज ने सोशल मीडिया पर चल रहे जनाक्रोश को शांत करने के लिए अपना फेसबुक पर आम जनता को धैर्य रखना का मैसेज देते हुए लिखा है कि भाजपा का आम कार्यकर्ता व्यवस्थाओं को बनाने के लिए हर समय मौजूद रहता है। उन्होंने अपने फेसबुक के मार्फत आम जनता को संदेश दिया है कि भाजपा का छोटे से छोटा कार्यकर्ता बनाई हुई व्यवस्था पर चलता है।

## भारत-पाक सीमा पर घुसपैठिया पकड़ा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के केसरीसिंहपुर इलाके में रविवार को पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में प्रवेश की कोशिश कर रहे एक घुसपैठिए को बीएसएफ ने गिरफ्तार किया है।

बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। घुसपैठिया पाकिस्तान की ओर से आया तथा श्रीगंगानगर के केसरीसिंहपुर इलाके में गांव एक एक्स के नजदीक भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान बीएसएफ ने उसे ललकारा। घुसपैठिए के नहीं रुकने पर बीएसएफ के जवानों ने नजदीक जाकर उसे पकड़ लिया। इस संबंध में बीएसएफ के ऑफिसर्स को जानकारी दी गई। रविवार दोपहर बीएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घुसपैठिए से पूछताछ शुरू की। घुसपैठिए का नाम लियाकत अली बताया गया है। बीएसएफ ने अब तक घुसपैठिए खुलासा नहीं किया है कि वह पाकिस्तान में किस इलाके का रहने वाला है और उसके भारत आने के पीछे क्या इरादा था। एसपी आनंद शर्मा ने घुसपैठिए के भारतीय सीमा में घुसने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद इस बारे में कुछ जानकारियां मिल सकती हैं। घुसपैठिए से बीएसएफ गहनता से पूछताछ कर रही है।

# 20 लाख के फर्जी बिल पाए जाने पर एफआईआर दर्ज

- **आरती बालिका गृह के संचालक चेतराम सैनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया**

**अलवर,** (निसं)। 20 लाख के फर्जी बिल बाउचर पाए जाने पर आरती बालिका गृह के संचालक चेतराम सैनी के खिलाफ शिवाजी पार्क थाने में प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कराया।आरती बालिका गृह सोना व की डूंगरी की जांच में 2000000 रुपए के लगभग फर्जी बिल पेश कर राज्य सरकार से अनुदान लेने के मामले में जांच के बाद आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव बाल अधिकारिता विभाग जयपुर ने बिल फर्जी पाए जाने पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग अलवर को आरती बालिका गृह के सचिव चेतराम सैनी व अन्य दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए गए थे।

उक्त आदेश की पालना में सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग अलवर ने आरती बालिका गृह सोनावादी डूंगरी के सचिव चेतराम सैनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है शिवाजी पार्क थाने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरती बालिका गृह में 18 साल से कम उम्र की बालिकाएं आवासीय रहती हैं। उक्त बालिकाओं के पर होने वाले समस्त खर्चे के बिल वाउचर पेश कर राज्य सरकार के समक्ष पेश किए जाते हैं जिसका भुगतान राज्य सरकार ग्रह को कर देती है। जांच करने पर पाया गया कि उक्त ग्रह के सचिव व अन्य स्टाफ द्वारा राज्य सरकार को फर्जी बिल पेश किए गए थे जो लगभग 2000000 के फर्जी बिलों की विभाग द्वारा कमेटी बनाकर जांच की गई जिसमें से ऐसी मिली जो अस्तित्व में ही नहीं है तथा कुछ पर में ऐसी मिली जिनके मालिक कौन है अपने बयान में कहा कि यह बिल हमारी फर्म द्वारा जारी नहीं किए गए बल्कि फर्जी तरीके से बनाए गए हैं। उक्त जांच बाल अधिकारिता विभाग जयपुर को प्राप्त हुई उस पर आयुक्त एवं शासन सचिव अनु प्रेरणा सिंह कुंतल ने आर सी बालिका गृह के सचिव चेतराम सैनी व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

# लम्पी स्किन महामारी ने चौरू में विकराल रूप लिया

**उनियारा/चौरु,** (निसं)। टोंक जिले उनियारा उपखंड के चौरू ग्राम पंचायत क्षेत्र में पशुपालन विभाग एवं प्रशासन द्वारा उचित प्रबंध नहीं किए जाने से क्षेत्र में गोवंश में फैली लम्पी स्किन संक्रामक रोग गोवंश में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, और देखते ही देखते इस महामारी ने गोवंश में भयंकर रूप धारण कर लिया है। अब तक करीब 1 दर्जन से अधिक गाय इसका शिकार होकर मौत के आगोश में समा चुकी है। इस रोग से संक्रमित गायों को ग्राम गो सेवा दल द्वारा ग्राम पंचायत भवन के पुराने भवन में क्वारटाइन कर रखा था। कुछ दिनों पूर्व किसी ग्रामीण द्वारा क्वारटाइन गायों को पंचायत भवन के बाहर निकाल दिया।



**उनियारा उपखण्ड क्षेत्र में लम्पी बीमारी ने पैर पसारने शुरू कर दिए।**

इसके बाद इस रोग से संक्रमित गाय गांव में आवारा गोवंश के साथ अन्य पशुओं के साथ संपर्क में आने लग गई है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी जिला कलेक्टर के निरीक्षण

- **अब तक करीब एक दर्जन गाय की मौत, करीब एक सौ से अधिक पीड़ित**

के 8 दिन तक तो मौके पर ही नहीं आए एवं आए तो मात्र औपचारिकता लिए आए कागजी खानापूर्ति करके चले गए जबकि पीड़ित पशुओं के दवाइयों के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं किया गया। पशु चिकित्सा विभाग में इस रोग से पीड़ित गोवंश कोई धणी धोरी नजर नहीं आ रहा है। समय पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां नहीं दी जा रही हैं। पशु चिकित्सा विभाग से अधिकारी एवं प्रशासन के लोगों से राय मशविरा करके चले गए जबकि इस रोग से पीड़ित किस क्षेत्र में रोजाना कहीं जगह पर तड़पती हुई गाय को देखकर आमजन में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

वही ग्राम पंचायत प्रशासन भी इस ओर उचित प्रबंध किए जाने के बजाय औपचारिकता पूरी करने में लगी हुई है। इससे यह रोग क्षेत्र में दिनोंदिन विकराल रूप लेता जा रहा है। ग्राम गौ सेवा दल द्वारा चंदा एकत्रित करके गायों की देखभाल की गई थी। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव दीपक सेन का कहना है कि लम्पी बीमारी से पीड़ित गायों को वापस क्वारटाइन करेंगे। जिससे यह रोग अन्य पशुओं में नहीं फैले।

# एलन कोचिंग के स्टूडेंट ने पढ़ाई के दबाव में आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोचिंग करने आए बिहार के छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र बोरखेड़ा थाना इलाके के नया नोहरा में एक हॉस्टल में रहता था। पुलिस के अनुसार मृतक छात्र बिहार के गया का रहने वाला था तथा यहां एलन कोचिंग इंस्टीट्यूट से नीट की तैयारी कर रहा था। संभवतः उसने शनिवार देर रात ही पढ़ाई के दबाव के चलते फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी सुबह हॉस्टल संचालक को तब लगी जब छात्र को नाश्ते के लिए बुलाया गया लेकिन वह नहीं आया। इसके बाद दरवाजा खोलने पर वह फंदे से लटका मिला। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने कमरे की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की है। शव को कब्जे में लेकर एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में हॉस्टल संचालक महेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिस को सारी जानकारी दी है। बोरखेड़ा थाने के एसएचओ भंवर सिंह ने बताया कि रविवार सुबह ही बिहार के गया निवासी 17 वर्षीय अभिषेक कुमार पुत्र तपेश्वर के सुसाइड की सूचना मिली थी। छात्र 2 महीने पहले ही कोटा में मेडिकल की कोचिंग के लिए आया था। उसके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने अपने माता-पिता को संबोधित करते हुए माफी मांगी और लिखा कि मेरा मन पढ़ाई में नहीं लग रहा है। मैं आप के बताए रास्ते पर नहीं चल पाया हूं। इसका मुझे काफी खेद है। इसीलिए मैं सुसाइड कर रहा हूं, इसमे किसी का कोई दोष नहीं है। एसएचओ हाड़ा के अनुसार छात्र पढ़ाई के दबाव में था। इसलिए ही उसने सुसाइड जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया। पढ़ाई में उसका मन नहीं लग रहा था।

# चन्ना हेरोइन तस्करों का सरगना, तार पाक से जुड़े

**बीकानेर,** (कासं)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी पंजाब के जलालाबाद बम ब्लास्ट कांड के आरोपी को शनिवार को चंडीगढ़ ले गई। जामसर थाने में आरोपी को पनाह देने वाले 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। एनआईए की चंडीगढ़ ब्रांच के डीवाईएसपी जयराज सिंह का दल बीकानेर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। आरोपी गुरुचरण सिंह उर्फ चन्ना को कोर्ट में पेश कर उसका 12 सितंबर तक का ट्रांजिट रिमांड लिया गया। बाद में उसे चंडीगढ़ ले जाया गया।

इससे पूर्व जामसर थाने में सीआईडी जोन के एएसपी दीपक शर्मा, एसएचओ इंद्र कुमार सहित खुफिया एजेंसियों ने आरोपी से गहन पूछताछ की। पता चला है कि बम ब्लास्ट में उपयोग में लाई गई बाइक चन्ना ने दिलवाई थी। दरअसल उन्हीं का एक साथी टिफिन बम बाइक पर लेकर जा रहा था। बम रास्ते में ही फट गया। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस काम के लिए सेकंड हैंड बाइक 30 हजार रुपए में खरीदी गई थी। इस रकम का ट्रांजेक्शन चन्ना के खाते से हुआ था। एनआईएन की छानबीन के दौरान इस बात का पता चलने पर चन्ना की तलाश शुरू की गई।

- **ब्लास्ट हुई बाइक भी इसी ने दिलाई, आरोपी को चंड़ीगढ़ ले गई एनआईए**

उसके ठिकानों पर छापे मारे।

गुरुचरण सिंह उर्फ चन्ना हेरोइन तस्करी के धंधे में लिप्त है। उसके गिरोह के करीब 15 सदस्य बताए जाते हैं, उनमें से ज्यादातर पकड़े जा चुके हैं। चन्ना के तार पाकिस्तान के हेरोइन तस्करों से जुड़े हुए हैं। बॉर्डर पार से ड्रोन से हेरोइन और हथियारों की तस्करी में इसकी भूमिका की गहराई से जांच होगी। चंडीगढ़ में कोर्ट से रिमांड लेकर आरडीएक्स और आईडी बम के बारे में भी पूछताछ की जाएगी। पंजाब में पिछले साल कई बम ब्लास्ट हुए थे। चन्ना को उसके मामा के भाई बलविंद्रसिंह उर्फ बाबूसिंह व उसकी पत्नी ने खारा में काम दिलाया था। उसकी पहचान भी गुप्त रखी। उसकी मदद करने वालों में बाघसिंह, कल्याण नाई, एमडी दाल मिल मालिक, हरजिंद्र, मोहन, हनुमान, लवप्रीत, श्रवण, जयनारायण शामिल है। जामसर थाने में सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## आज राजगढ़ आएंगे मुख्यमंत्री गहलोत

**सादुलपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार 12 सितंबर को जिले के राजगढ में ब्लॉक स्तरीय राजीव गाँधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ एवं विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार सवेरे 10 बजे जयपुर से हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर सवेरे 11 बजे राजगढ पहुंचेंगे। वे यहां ब्लॉक स्तरीय राजीव गाँधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ एवं विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

- **सीएम सुबह 10 बजे जयपुर से हैलीकॉप्टर से पहुंचेंगे**

इसके बाद वे 1.00 बजे खोटिया, फतेहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

रविवार को जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग, एडीएम लोकेश गौतम सहित अधिकारियों ने राजगढ़ में कार्यक्रम स्थल सीनियर सैकंडरी खेल मैदान एवं हेलीपैड स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद अध्यक्ष डॉ कृष्णा पूनिया, मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पूनिया ने भी तैयारियों का अवलोकन किया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने किए बाबा रामदेव समाधि के दर्शन

## रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अकेले ही पोकरण से रामदेवरा रवाना हुए थे

**रामदेवरा,** (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविवार की शाम पोकरण से पैदल यात्रा करके रामदेवरा पहुंचे और बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन कर देश और प्रदेश में अमन चैन की प्रार्थना की।

उन्होंने जन-जन के आराध्य देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन कर देश और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बाबा की समाधि पर विशेष रूप से पूजा-अर्चना की। 6 सितंबर को पोकरण से रामदेवरा तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की आयोजित होने वाली पदयात्रा निरस्त होने के पश्चात रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अकेले ही पोकरण से रामदेवरा रवाना हुए थे। भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को इसकी जानकारी मिलते ही वे भी उनके साथ पदयात्रा करते हुए रामदेवरा पहुंचे। उन्होंने डाली बाई की समाधि के भी दर्शन किए। पोकरण से रामदेवरा की करीब 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा सतीश पूनिया ने 3 घंटे में पूरी कर 4.00 बजे



**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया रविवार की शाम पोकरण से पैदल यात्रा करके रामदेवरा पहुंचे और बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन कर देश और प्रदेश में अमन चैन की प्रार्थना की।**

रामदेवरा पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने बताया कि लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु रामदेवरा में पहुंचते है। जिसमें कई श्रद्धालुओं द्वारा हजारों किलोमीटर की पैदल यात्रा की जाती है। उनके द्वारा केवल 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा की गई।

गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की गत 6 सितंबर को पोकरण से रामदेवरा तक आशीष पैदल यात्रा तय थी। यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा इस दौरान लाखों रुपए खर्च करके होल्डिंग बोर्ड तैयार किए गए। जिसमें दो केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी भी उनके साथ यात्रा करने वाले थे, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने पोकरण से रामदेवरा तक की अपनी पैदल यात्रा को यात्रा से 1 दिन पहले 5 सितंबर की शाम को स्थगित कर दिया गया था। 10 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जोधपुर दौरे की यात्रा संपन्न होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया जोधपुर से सीधे रामदेवरा पहुंचे।

रविवार को उन्होंने अपनी पैदल यात्रा शुरू कर दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश शारदा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह तंवर,प्रधान भगवत सिंह तंवर,पूर्व विधायक शैतान सिंह राठौड, छोटू सिंह भाटी,फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेद सिंह भाटी, प्रेम ओड, रामदेवरा सरपंच समंदर सिंह सहित कई भाजपा नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नोटिस की आड़ लेकर बहुमंजिला इमारतें बनवाने में जुटे हैं ग्रेटर निगम के अफसर

## जगतपुरा जोन में धड़ल्ले से हो रहा अवैध निर्माण, महापौर और कमिश्नर ने भी चुप्पी साधी

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम के अफसर इन दिनों सरकारी नोटिसों की आड़ में सांठगांठ से बहुमंजिला इमारतें तैयार करवाने में जुटे हैं। न तो भूखंड़ पर निर्माण स्वीकृति दी जा रही है और न ही बिल्डिंग बायलॉज और सेटबैक का ही ख्याल रखा जा रहा। सांठगांठ कुछ ऐसी है कि उपायुक्त और कनिष्ठ अभियंता खुद को सही ठहराने के लिए भूखंड़ मालिक को नोटिस थमाकर अवैध निर्माण हटाने की चेतावनी तो देते हैं, लेकिन कार्रवाई के बजाय पूरी इमारतें बनवा देते हैं। इसके बावजूद महापौर सौम्या गुर्जर और कमिश्नर महेन्द्र सोनी चुप्पी साधे बैठे है।

ऐसे ही कुछ प्रकरण ग्रेटर नगर निगम के जगतपुरा क्षेत्र में सामने आये हैं। प्रताप नगर में कॉर्नर भूखंड 174/33 तथा 174/132 के दो भूखंड़ों पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा बना कर दी गई ''टाइप डिजाइन'' को तोड़कर दोनों भूखंड मालिकों क्रमश: झाबरमल चौधरी और सुरेश यादव ने जीरो सेटबैक में बेसमेंट समेत चार व तीन मंजिला इमारत खड़ी कर ली। यहां तक कि सरकारी सड़क पर भी बालकनी निकालकर आरसीसी डाल दी।

जगतपुरा जोन उपायुक्त ममता नगर ने गत 29 अगस्त को दोनों भूखंड़ मालिकों को नोटिस थमाया था। उस वक्त दोनों भूखंड़धारी अपने-अपने मकान की चौथी मंजिल बनाने की तैयारी





- उपायुक्त ममता नागर और बिल्डिंग शाखा के जेईएन दयाराम मीणा ने गत 29 अगस्त को प्रताप नगर में दो बिल्डिंग मालिकों को नोटिस थमाया था, दोनों ही जगह चार-चार मंजिला इमारतें बनकर तैयार हुई
- दोनों भूखंड़ों पर हाऊसिंग बोर्ड द्वारा बनाकर दी गई ''टाइप डिजाइन'' को खुर्द-बुर्द किया गया है, यहां तक कि सड़क की सरकारी जमीन पर बालकनी तक बना ली गई है।

में थे। नोटिस में उपायुक्त ममता नागर ने दोनों बिल्डिंगों को अवैध माना और तुरंत अवैध निर्माण हटाने के लिए कहा। इस नोटिस के जरिए भूखंड मालिक से निर्माण की स्वीकृति और स्वामित्व दस्तावेज 3 दिन में मांगे थे। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि अगर निर्माण स्वीकृति व अन्य दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो एक तरफा कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को हटा दिया जाएगा। करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी न तो उपायुक्त ममता नागर ने कोई अवैध निर्माण रूकवाया और न ही बिल्डिंग शाखा के कनिष्ठ अभियंता दयाराम मीणा ने। इन जिम्मेदार अफसरों की मूक सहमति पाकर भूखंड़ 174/33 के मालिक झाबरमल ने तो चौथी मंजिल पर छत डाल दी। जबकि सुरेश यादव फिलहाल चौथी मंजिल की दीवारों को बनवाने में जुटा है। उपायुक्त ममता नगर ने स्वीकार किया कि उन्होंने दोनों भूखंड़ मालिकों को अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इसका जवाब देने से वे बचती दिखी।

## एसएमएस अस्पताल में वर्कर्स को दिया विसंक्रमण प्रशिक्षण

**जयपुर** (कासं)। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के शल्य चिकित्सा विभाग की ओर से जेएमए सभा हॉल में आधुनिक विसंक्रमण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। वरिष्ठ आचार्य व विभागाध्यक्ष शल्य चिकित्सा डॉ. राजेन्द्र मांडिया ने बताया कि मरीजों को संक्रमण से बचाये रखने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्जन, रेजिडेंट व नर्सिंग स्टॉफ को विसंक्रमण से संबंधित नवीनतम जानकारी प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य व नियंत्रक एसएमएस मेडिकल कॉलेज डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि मरीजों के हितार्थ ऐसे प्रशिक्षण होते रहने चाहिए। वरिष्ठ आचार्य डॉ. सुमिता अग्रवाल ने बताया कि विशिष्ठ अतिथि चिकित्सा अधीक्षक एसएमएस चिकित्सालय डॉ. अचल शर्मा ने सभी हेल्थ केयर वर्कर्स से अपने कार्य स्थल पर विसंक्रमण की प्रक्रिया का कठोरता से पालन करने का आव्हान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रोलॉजी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. एस के सिंह, शल्य चिकित्सा विभाग के सह आचार्य डॉ. आर.जी.खंडेलवाल तथा एएसपी की वरिष्ठ प्रबंधक बरनाली बैनिक ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य डॉ आर के जैनव, नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा सहित अन्य चिकित्सक तथा नर्सिंग ऑफिसर्स मौजूद थे।

## व्यापारी ने कांस्टेबल पर लाखों रु. की धोखाधड़ी का आरोप लगाया

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के सांगानेर में किराणा व्यापारी ने जमीन का सौदा करने के मामले में मुहाना थाने के एक कांस्टेबल पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए हड़प लेने का आरोप लगाया है।

पीड़ित 60 वर्षीय हंसराज कुमावत ने बताया कि कांस्टेबल उदय सिंह ने गत 25 जुलाई को उससे मारपीट कर धारा 151 में मुहाना थाने में बंद भी करवा दिया था। रविवार को यूथ हॉस्टल में पत्रकार वार्ता में पीड़ित ने बताया कि 16 मार्च 2011 को अपनी जमीन का सौदा ज्ञानचंद जैन से एक करोड़ 25 लाख रुपए में किया था। जिसकी रकम की पूरी व्यवस्था नहीं होने के चलते 17 सितम्बर 2011 को यह सौदा निरस्त कर दिया गया था। बाद में साई पेटे की राशि 11 लाख रुपए ज्ञानचंद ने वापस ले लिए थे। इसके बाद सांगानेर निवासी राधेश्याम गुर्जर ने इस सौदे में अपनी पत्नी कंचन देवी का नाम इकरारनामा में लिखवा देना बताकर वर्ष 2015 में एडीजे कोर्ट में इकरारनामा का दावा पेश कर दिया। इस पर हंसराज ने इस मामले की रिपोर्ट मुहाना थाना पुलिस कांस्टेबल उदय सिंह गुर्जर को दी। उदय सिंह ने कहा कि वह रुपए खर्च करे तो राधेश्याम गुर्जर से राजीनामा करवा देगा। इस पर पीड़ित सहमति दे दी और पूरे मामले के दस्तावेज कांस्टेबल उदय सिंह को दे दी। उदय सिंह ने बैक डेट में स्टांप खरीद कर 30 जनवरी 2013 का इकरारनामा अपनी पत्नी दुर्गेश गुर्जर के नाम 11 लाख रुपए के बदले में रकम भरकर तैयार कर लिया। इसकी जानकारी पीड़ित को भी नहीं दी।

बाद में पीड़ित से उदय सिंह ने अपनी पत्नी के खाते में 2 लाख रुपए 31 जनवरी 2018 को और 1 लाख 81 हजार अपने भतीजे गौतम सिंह के खाते में जमा करवा लिया और 1 लाख 71 हजार रुपए नगद लेकर बैठ गया और राजीनामा नहीं करवाया। इस पर पीड़ित द्वारा रकम वापस मांगने पर उदय सिंह ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। बाद में अपनी पत्नी दुर्गेश गुर्जर से रिपोर्ट दर्ज कराकर झूठा मुकदमा लगा दिया।

## 15 ग्राम स्मैक के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार



करधनी थाना पुलिस ने स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना पुलिस ने शातिर स्मैक तस्कर को पकड़कर 15 ग्राम स्मैक और बिक्री के 44 हजार 350 रुपये बरामद किये हैं। थानाधिकारी बनवारीलाल मीणा ने बताया कि शनिवार रात गश्त निगरानी के दौरान रमनपुरी, श्याम नगर के श्मशान के पास एक युवक घूमता मिला। अपराधी होने की आशंका के चलते पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली और सख्ती से पूछताछ की। चैकिंग में उसके पास 15 ग्राम स्मैक पाउडर, बिक्री के 44 हजार 350 रुपये और इलेक्ट्रिोनिक कांटा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने आरोपी वैभव ओझा निवासी प्लाट नं. 26 रमनपुरी बैनाड़ करधनी को गिरफ्तार कर लिया।

## व्यापारी के घर में पत्र फेंककर 11 लाख रुपये मांगे

**जयपुर** (कासं)। शहर के विधाधर नगर इलाके में एक व्यापारी के घर पर धमकी भरा पत्र फेंक कर 10.98 लाख रूपए की मांग की गई। पुलिस ने बताया सेक्टर-8, निवासी उत्तम सिंह की कांवट में सीमेंट ले बिजली पोल बनाने की फैक्ट्री है। 9 सितंबर की दोपहर उसके घर पर अज्ञात ने पीले लिफाफे में एक धमकी भरा पत्र फेंक दिया, जिसे व्यापारी की पत्नी ने उठा कर घर में रखा और जब व्यापारी को आया तो उसे पढऩे के लिए दे दिया। पत्र में अज्ञात द्वारा उसके नुक्सान की भरपाई के लिए 10.98 लाख रूपए बैग में रख रात को पीएस पैराडाइज के बाहर छोडऩे की बात लिखी थी। पुलिस ने आरोपित को पकडऩे के लिए ट्रैप रचा। जांच-अधिकारी एसआई राजवीर ने शनिवार रात करीब 7:45 बजे स्पेशल टीम को सिविल ड्रेस में पीएस पैराडाइज के बाहर खड़ा कर दिया। बैग में अखबार और कपड़े भर दिये थे, एक घंटे तक इंतजार के बाद भी आरोपी नहीं आया।

## पत्रकारों से मारपीट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। अशोक नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्रकारों पर हमला करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर तीनों आरोपियों को जेल भिजवा दिया गया है।

थानाधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया आरोपित गजेंद्र सिंह (32) निवासी कुचामन सिटी हाल बैनाड़ रोड करधनी, देवेंद्र सिंह (31) निवासी गांव गुढ़ा झुंझुनूं हाल गोविंदपुरा, करधनी और संजय सिंह (30) निवासी गांव चिराणा, उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया है। आरोपित यहां बाइस गोदाम सर्किल स्थित एमजीएफ मॉल में लाइफ स्टाइल शोरूम की अलग-अलग ब्रांचों में मैनेजर का काम करते है।

दरअसल सहकार मार्ग स्थित पेट्रोल पम्प पर गाड़ी हटाने की बात पर ऑटो सवार इन तीनों बदमाशों ने दो पत्रकारों से मारपीट की थी। बदमाश मीडियाकर्मियों से गाली-गलौज करने लगे। गाली बोलने से मना करने पर दोनों में झगड़ा हो गया। इस पर पत्रकार



सहकार मार्ग स्थित पेट्रोल पंप पर मीडियाकर्मियों से मारपीट करने वाले तीनों बदमाशों को अशोक नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया।

मीडियाकर्मी भंवर पुष्पेन्द्र और दिनेशचंद शर्मा को घायल कर बदमाश वहां से भाग निकले। शुक्रवार रात करीब 1 बजे दोनों मीडियाकर्मी ऑफिस कार से कवरेज पर जा रहे थे। अशोक नगर थाना पुलिस ने घायल दोनों मीडियाकर्मी को हॉस्पिटल पहुंचाया। इसके बाद पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बदमाशों के मारपीट की करतूत कैद हो गई थी। इसकी मदद से पुलिस ने आरोपियों को दबोचा।

## आधी रात को तीन दुकानों के शटर तोड़ नकदी और सामान चुरा ले गए बदमाश

### गांधी नगर थाने से महज 500 मीटर दूरी पर हुई वारदात

**जयपुर** (कासं)। गांधी नगर थाने से 500 मीटर की दूरी पर चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों का माल और नकदी चोरी कर ली। हैरानी की बात यह है कि तीन दुकानों के शटर टूट गए लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। बदमाश शटर मोड़कर गल्ले से हजारों रुपए और लाखों का माल चोरी कर ले गए। गश्त का दावा करने वाली पुलिस की स्थित ऐसी है कि चंद कदमों की चोरी पर शटर टूट गए, पुलिस को सुबह तक पता नहीं चला। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने 100 नम्बर पर कॉल कर चोरी की जानकारी दी। जिसके बाद गांधी नगर थाने की पीसीआर मौके पर पहुंची और दुकान मालिकों को चोरी की जानकारी दी। गांधी नगर थाना पुलिस ने इलाके से कुछ सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं लेकिन अभी तक कोई बड़ी लीड नहीं मिली है। सीआई गांधी नगर नेमसिंह भी घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार ग्रीन नगर दुर्गापुरा निवासी शांतिलाल जैन की राजेन्द्र मार्ग गांधी नगर में आदर्श मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। शांतिलाल ने बताया कि शनिवार रात 11.30 बजे दुकान मंगल करके चले गए थे। जबकि उनके पास में स्थित एक दुकान पर काम चल रहा था। वह रात को 12 बजे दुकान मंगल करके गए थे। सुबह पडौस में रहने वाले व्यक्ति ने दुकान के शटर खुला हुआ देखकर पुलिस को जानकारी दी। चोर आइसक्रीम पार्लर के शटर मोड़कर हजारों रुपए चुरा ले गए। वहीं लाल कोठी योजना निवासी लक्ष्मण खण्डेलवाल की खण्डेलवाल क्वालिटी स्टोर के नाम की दुकान है। चोर यहां से शटर मोड़कर नगदी और सामान चुरा ले गए। चोरी की सूचना पर सुबह बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हुए और पुलिस से गश्त व्यवस्था तेज करने की मांग की।

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**जयपुर** (कासं)। जयपुर जिले के मौजमाबाद में रविवार को तालाब में गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सिविल डिफेंस कर्मचारी महेंद्र ने बताया कि दोपहर साढे तीन बजे की यह घटना है।

मौजमाबाद के तुंगीपुरा गांव में भैस चराते समय तालाब में पैर फिसलने से रामनिवास जाट (62) तालाब में गिर गया। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ठामीणों के साथ मिलकर वृद्ध को तालाब से बाहर निकालने का प्रयास किया। इसके बाद सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची। शाम करीब सात बजे सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू कर वृद्ध को बाहर निकाला। वृद्ध की मौत हो चुकी थी। सिविल डिफेंस ने मृतक का शव पुलिस को सुपूर्द कर दिया।

## डीएनए टेस्ट के बाद दोनों नवजातों को नसीब हुई ''मां की गोद''

### सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में स्टॉफ की गलती से बदल गया था बच्चों का टैग

- दोनों परिवारों में विवाद बढ़ा तो अस्पताल प्रशासन ने बच्चों को नर्सरी में रखा, 7 दिन मदर मिल्क बैंक का दूध पिलाया
- इस मामले को सुलझाने में छह डॉक्टर्स की कमेटी ने अहम भूमिका निभाई

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में दो नवजात मासूमों को डीएनए टेस्ट के बाद मां की गोद नसीब हुई है। दरअसल डिलीवरी के बाद हॉस्पिटल स्टाफ ने दोनों बच्चों को गलत टैग लगा दिया था, जिसके बाद से काफी हंगामा हुआ था।

हॉस्पिटल की अधीक्षक डॉ. आशा वर्मा ने बताया कि 1 सितम्बर को जयपुर के घाटगेट निवासी रेशमा और करौली की रहने वाली निशा की डिलीवरी हुई थी। निशा को लड़का और रेशमा को लड़की हुई थी। स्टाफ की गलती से बच्चों का टैग बदल गया। लड़की निशा के पास चली गई और लड़का रेशमा के पास। विवाद सुलझाने के लिए पहले तो हॉस्पिटल प्रशासन ने दोनों बच्चों और दोनों के माता-पिता के ब्लड का सैंपल लेकर उसकी जांच के आधार पर निर्धारित किया कि लड़का निशा का है और लड़की रेशमा की।

ब्लड सैंपल की इस रिपोर्ट को रेशमा के परिजनों ने मानने से इनकार कर दिया। उसके बाद जांच कमेटी ने दोबारा ब्लड सैंपल लेकर जांच करवाई, तब भी रिपोर्ट के आधार पर लड़की रेशमा की निकली और लड़का निशा का। हालांकि इस बार भी रेशमा के परिजनों ने बच्ची को अपनाने से मना कर दिया और डीएनए जांच की मांग करने लगे। जांच कमेटी के फैसले के आधार पर पुलिस की सहायता से डीएनए टेस्ट कराकर बच्चों को असली परिजनों के सुपुर्द किया। जब दोनों परिवारों में विवाद बढ़ने लगा तो दोनों बच्चों को हॉस्पिटल की नर्सरी में रखा गया। मामले को सुलझाने के लिए 6 डॉक्टरों की कमेटी बनाई गई। रेशमा और उसके परिवार वालों को संतुष्ट करने के लिए डीएनए टेस्ट कराया गया। इसकी रिपोर्ट आने के बाद हॉस्पिटल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

हॉस्पिटल प्रशासन पहले जो तर्क दे रहा था, उसकी पुष्टि डीएनए रिपोर्ट में भी हो गई। रिपोर्ट से पता चला कि निशा को बेटा हुआ था और रेशमा को बेटी। शनिवार देर रात करीब 11 बजे दोनों बच्चों को उनके परिवार को सौंप दिया गया। रेशमा को पहले से ही 2 लड़कियां थीं। तीसरे बच्चे के रूप में उसे लड़की ही हुई है। निशा को पहले से एक लड़का है। इस बार डिलीवरी में भी उसे लड़का ही हुआ है। 3 सितम्बर को विवाद खड़ा होने के बाद दोनों नवजात को हॉस्पिटल प्रशासन की निगरानी में नर्सरी में रखा गया। यहां से दोनों बच्चों को मदर मिल्क बैंक से दूध पिलाया गया।

## गौवंश को लम्पी वायरस से बचाने के लिए पिलाई होम्योपैथिक दवा

### निगम के पूर्व चेयरमैन कमल वाल्मीकि ने पिंजरापोल गौशाला से शुरू किया अभियान

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर पिंजरापोल गौशाला में लम्पी वायरस की रोकथाम और इम्यूनिटी पावर बढ़ाने के लिए गौवंश को होम्योपैथिक दिवाई पिलाई गई। आयोजक नगर निगम के पूर्व चेयरमैन कमल वाल्मीकि ने बताया कि लम्पी वायरस के कारण गौवंश की लगातार मृत्यु हो रही है। हम गौवंश के लिए नि:शुल्क दिवाई उपलब्ध करवाएंगे, इसकी शुरुआत पिंजरापोल गौशाला से की गई है।

राजधानी जयपुर समेत सभी गौशालाओं में जाकर गौवंश को नि:शुल्क दवा पिलाई जाएगी। कमल वाल्मीकि ने बताया कि नगर निगम प्रशासन की नाकामी के कारण लम्पी वायरस गौवंश के लिए काल का ग्रास बनता जा रहा है। शहर में जगह-जगह गन्दगी के ढेर लगे है, मृत गौवंश को समय पर उठाया नहीं जा रहा है। इस कारण संक्रमण अधिक तेजी से फैलता जा रहा है। हालात इतने भयावह है कि समय पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव तक नहीं किया जा रहा। गाय के नाम पर राजनीती करने वालों को अभी गौवंश की नि:स्वार्थभाव से सेवा करनी चाहिए।

गौसेवक डॉ. लेखराम गुर्जर ने बताया कि लम्पी वायरस गौवंश के लिए जानलेवा होता जा रहा है, इसलिए बीमार व स्वस्थ गौवंश को चारे, गुड़ औऱ पानी के माध्यम से जो दवाई दी जा रही है, उससे लम्पी की रोकथाम के साथ गौवंश की इम्युनिटी पावर बढ़ती है। गौशाला प्रबंधक कमेटी ने कमल वाल्मिकि और उनकी टीम को दुपट्टा पहनकर सभी का आभार जताया। गौसेवा कार्यक्रम में हरियाणा ब्रह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा, कांग्रेस नेता रामेश्वर नेता, धर्मसिंह सिंघानिया, विनय भोपर, शरत सिंह छिपा मौजूद थे।



सांगानेर की पिंजरापोल गौशाला में गौवंश को होम्योपैथिक दवा पिलाई गई।

## सार-समाचार

### शिविर में 273 लोगों ने किया रक्तदान



**जयपुर** (कासं)। ओजस मानव सेवा संस्थान की ओर से नांगल जैसा बोहरा की भूमिजा स्कूल में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। मंच के संस्थापक राजेंद्र सुंदरिया और कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद कौशल शर्मा ने बताया कि शिविर में 273 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, कांग्रेस कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, पूर्व उपमहापौर मनोज भारद्वाज, महंत बालमुकुंदाचार्य महाराज, पार्षद दिनेश कांवट, पूनम शर्मा, बाबूलाल शर्मा, शेर सिंह धाकड़, रमेश चंद गुप्ता तथा दिनेश मित्तल, राजेश कौशिक, समाज सेविका ललितेश शेखावत और जीवन कुमावत ने रक्तदाताओं का सम्मान किया। संस्था की अध्यक्ष आंचल शर्मा ने रक्तदाताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर धन्यवाद दिया।

### नौकरी के नाम पर सवा 3 लाख रु. हड़पे

**जयपुर** (कासं)। विदेश में नौकरी का झांसा देकर एक व्यक्ति से करीब सवा तीन लाख रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में गांधीनगर स्थित सरकारी कवार्टर्स निवासी प्रकाश सिंह ने थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने बताया पीड़ित प्रकाश सिंह कुक है, जिसका भांजा बेरोजगार है। जालसाज ने आयुषी बनकर प्रकाश से संपर्क किया और भांजे को विदेश में लग्जरी होटल में नौकरी का झांसा दिया और विभिन्न चार्जेज के नाम पर कई बार में करीब सवा तीन लाख रूपए हड़प लिए और आज तक नौकरी नहीं लगवाई। पुलिस जांच में जुटी है।

### प्रताप नगर में प्रोपर्टी डीलर से लूट

**जयपुर** । प्रताप नगर इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ लूट की वारदात हो गई। लुटेरा करीब एक लाख की नकदी से भरा बैग सहित पीड़ित का मोबाइल लूट ले गया। जांच-अधिकारी एसआई मुकेश मीणा ने बताया 261/763, प्रताप नगर निवासी कृष्ण कुमार (41) प्रॉपर्टी डीलर है। वह 9 सितंबर की रात करीब 8:20 बजे सेक्टर-26 से गुजर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार लुटेरा उसके हाथ में रखा बैग और मोबाइल लूट ले गया। बैग में एक लाख सात हजार रूपए रखे हुए थे। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### गैंगरेप का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** । जीआरपी ने गत दिनों रेल्वे स्टेशन के पास ट्रैक पर महिला से गैंगरेप करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया गिरफ्तार आरोपित विक्की उर्फ बलवीर ठाकुर (23) खड्डा कॉलोनी थाना रेल्वे कॉलोनी कोटा का रहने वाला है। आरोपित 25 अगस्त की रात को पति के लिए खाना लेने आई महिला को बहला फुसलाकर रेल्वे स्टेशन के पास रेल्वे ट्रैक पर ले गया था, जहां अन्य लोगों की मदद से सके साथ गैंगरेप की वारादत को अंजाम दिया था। पुलिस ने 100 फुटेज चेक कर आरोपित की पहचन की थी।

### तीन बदमाशों से स्मैक बरामद

**जयपुर** । मालपुरा गेट थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से स्मैक सहित एक चोरी की बाइक बरामद की है। थानाधिकारी रायसल सिंह ने बताया कि आरोपित विशाल श्रीवास्तव उर्फ सोनू बच्चा, दीपक सैनी उर्फ भूरिया और राहुल उर्फ कारिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित विशाल श्रीवास्तव उर्फ सोनू बच्चा हिस्टीशीटर है और उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज और पूर्व में कई बार जेल भी जा चुका है साथ ही दीपक सैनी उर्फ भूरिया के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। वहीं आरोपित राहुल उर्फ कारिया नशा करने का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए वाहन वाहन चोरी करता है। आरोपित पहले भी वाहन चोरी और अन्य मामलों में जेल चुका है।

### तीन हुक्काबारों पर पुलिस का छापा

**जयपुर**। राजधानी में अवैध रूप से चल रहे हुक्का बारों को लेकर पुलिस ने सख्ती शुरू की है। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने विशेष अभियान के तहत तीन इलाके में संचालित हुक्का बारों पर छापेमार कार्रवाई की है। वहीं, मौके से 4 युवकों को गिरफ्तार कर हुक्का सामठाी जब्त की गई है। डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया आमेर इलाके में ''हाईव डायरिज रेस्टोरेंट एंड कैफे'' से जगदीश गुर्जर निवासी नादौती, वहीं बजाज नगर इलाके में ''कैफे डियोना'' से सत्यजीत सिंह निवासी करणी विहार और उज्जवल चौधरी एवं जवाहर सर्किल इलाके में स्थित ''जी-क्लब'' से गोवर्धन गिरि निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।

### शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर** । मालवीय नगर थाना पुलिस ने एक चेन स्नेचर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन सहित वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया है। थानाधिकारी धर्मराज चौधरी ने बताया गिरफ्तार आरोपित रवि वर्मा (33) गांव बोरखड्री थाना पीपलू जिला टोंक का रहने वाला है। आरोपित ने पूछताछ में खुद पर कर्जा होना बताया, जिसे उतारने के लिए उसने चेन स्नेचिंग की वारदातें करना शुरू कर दिया।

### होटल में विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर** । सिंधी कैंप थाना इलाके में एक विवाहिता की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 40 वर्षीया विवाहिता ने रिपोर्ट दी है। उसका आरोप है परिचित राघव शर्मा उर्फ राहुल शर्मा अक्टूबर 2019 में उसे इलाके स्थित होटल में ले गया, जहां द्वारा धमकाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद राघव ब्लैकमल कर लगातार देहशोषण करता आ रहा है।

# पल्स पोलियो अभियान की समीक्षा बैठक में तैयारियों पर की चर्चा



बीकानेर में सीएमएचओ डॉ. अबरार पंवार ने पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- **18 सितम्बर को होने वाले पल्स पोलियो अभियान के लिए जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारियों को ट्रेनिंग दी**

**बीकानेर,**(कासं)। जिले में 18 सितम्बर को 5 वर्ष तक के बच्चों की पोलियो से रक्षा हेतु पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा जिसमें जिले के समस्त नौनिहालों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जायेगी।

पंचायात समिति सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार की अध्यक्षता में अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। साथ ही कायाकल्प कार्यक्रम एवं नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्विसेज कार्यक्रम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जिले के विभिन्न संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आरसीएचओ डॉ राजेश गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ लोकेश गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ योगेंद्र तनेजा एवं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील हर्ष, डॉ कैलाश गहलोत, डॉ विभय तंवर, डॉ मुकेश मीणा, डॉ सुनील जैन एवं समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी उपस्थित थे।

कार्यशाला मे डॉ अनुरोध तिवारी ने आगामी 18 सितम्बर को होने वाले पल्स पोलियो अभियान के लिए जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारियों को ट्रेनिंग दी। महिपाल सिंह ने कायाकल्प कार्यक्रम एवं क्वालिटी एश्योरेंस सर्विसेज के बारे में जानकारी साझा की। गौरतलब है कि अब तक जिले में 70 चिकित्सा संस्थान कायाकल्प मे चयनित हो चुके हैं और शेष को भी इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्विसेज कार्यक्रम में बीकानेर के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राज्य स्तर पर चयनित हो चुके हैं।

**देशनोक में 10 दिवसीय चिकित्सा शिविर :** देशनोक यहां आयुर्वेद विभाग द्वारा होने वाले 10 दिवसीय निशुल्क अंतरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पंपलेट व डिजिटल रजिस्ट्रेशन का विमोचन रविवार को किया गया। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर के नजदीकी गांवों में प्रचार प्रसार के लिए करणी मंदिर निजी प्रन्यास के अध्यक्ष बादल सिंह, नरेश दान, राम प्रताप हनुमान दास मूंधड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अशोक मूंधड़ा, नथमल सुराणा, पूर्व पार्षद लिच्छू दान, पार्षद प्रतिनिधि ताराचंद दर्जी, रामनारायण ओझा, प्रदीपदान पटवारी आदि समाजसेवियों ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविर प्रभारी डॉ रिड़मल सिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर 14 सितम्बर से 23 सितम्बर तक श्री करणी मंडल सेवा सदन, हॉस्पिटल के सामने देशनोक में आयोजित होगा। इस शिविर में अर्श बवासीर, मस्सा, पाइल्स भगन्दर, परिकर्तिका आदि गुदा रोगों की क्षार सूत्र विधि द्वारा शल्य चिकित्सा की जायेगी। रोगी के रहने, खाने एवं औषधियों की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

इन रोगों से पीड़ित व्यक्ति राजकीय आयुर्वेद औषधालय देशनोक में आज से मो. नं. 9664341105 और 9214721962 पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पंजीयन 11 सितम्बर से 16 सितम्बर तक लिंक पर उपलब्ध रहेगा। कार्यकम में शिविर समन्वयक डॉ अनिल कुमार, शिविर सह प्रभारी डॉ राजेन्द्र सोनी व डॉ जितेन्द्र सिंह भाटी, शिविर सह समन्वयक जयदेव सिंह चारण, डॉ ओमप्रकाश कुमावत, डॉ इरशाद रफीक उपस्थित थे।

## कचरे का उठाव नहीं होने पर रोष जताया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर में कचरा डंपिंग प्वाइंट पर कचरे की ट्रॉलियां नहीं डालने देने से परेशान पार्षदों ने जिला परिषद सभागार में मीटिंग कर कचरे का उठाव नहीं होने पर रोष जताया।

इन लोगों ने सोमवार तक समस्या का समाधान नहीं होने पर कचरा लदी ट्रॉलियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचने का फैसला किया है। इन लोगों का कहना था कि शहर में कचरा उठाव नहीं होने से जगह-जगह गंदगी और बदबू फैली है। जिला प्रशासन और गांव छह जैड में रह रहे ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता के बेनतीजा रहने के बाद जहां एक ओर ग्रामीण अपनी बात पर अड़े हैं। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन भी समस्या का हल निकालने को तैयार नहीं है।

नगर परिषद की सभापति करुणा चांडक ने इसे पूरे शहर की समस्या बताया। उनका कहना था कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो फिर सभी पार्षद अपने वार्डों से कचरा लदी ट्रॉलियां लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचेंगे। बैठक के दौरान पार्षदों में भी जोरदार आक्रोश था।

पार्षद बंटी वाल्मीकि ने बताया कि सभापति की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस संबंध में जिला कलेक्टर को अवगत करवाने का फैसला किया गया। समस्या का समाधान नहीं होता है तो सोमवार सुबह करीब दस बजे के आसपास कलेक्ट्रेट पर ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ विरोध जताया जायेगा।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय कवि चौपाल की साहित्य सभा




**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय कवि चौपाल की 379 वीं साहित्य सभा श्राद्ध पक्ष को समर्पित रही। आज के कार्यक्रम के सभाध्यक्ष बी. एल. नवीन मुख्य अतिथि नेमचंद गहलोत व विशिष्ट अतिथि कृष्णा वर्मा थीं। कृष्णा वर्मा ने वर दे वर दे वीणा वादिनी निज करूणा से आंचल भर दे सरस्वती वंदना से कार्यक्रम शुभारंभ किया। कृष्णा वर्मा ने मां बाप से बढकर दुनिया में नहीं कोई खजाना.., किशननाथ खरपतवार ने कांटों से घिरा रहता है फिर भी खिला रहता है.., राजाराम स्वर्णकार ने मातृ भूमि की चरण वंदना करते बडा़हुआ हूं.., नेमचंद गहलोत ने गोरख धंधो देखा देखी सबने भावै.., नासीर जेदी ने देखिए क्या से क्या हो गया आदमी.., बी. एल. नवीन ने मैंने चांद और सितारों से तमन्ना की थी गीत सुनाकर साहित्य सदन का मन मोह लिया। कासिम बीकानेरी ने उसूलों के लिए ये दिल तो क्या हम जान भी देंगे.., कैलाश टाक ने ऊंची भीतियां पक्की रिता दम घूटे घुटाइये नाहीं.., लीलाधर सोनी ने पावन भारत भूमि महान.., कैलाश चारण ने औ तो झूठो रे संसार.., राजकुमार ग्रोवर ने जो चले गए इस दुनिया से.. , शमीम अहमद ने श्री ॐ नमो नम: शानदार स्तुति सुनाई। महबूब अली ने तैतीस कोटि देवी देवता को पूजा, सर्वोच्च महत्ता गाय की रामेश्वर साधक ने ... एक दिन तस्वीर में सिमट जाओगे। आज विलक्षण सरस्वती सभा में कई गणमान्य सुधिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सरस संचालन कासिम बीकानेरी ने किया।

### गुरू भगवंतों ने क्षमा की दी सीख

**बीकानेर,**(कासं)। हमारे जीवन से अहम निकालने व हृदय शुद्धि के लिए भगवान महावीर ने क्षमा का सूत्र दिया। मानव मात्र भूल का पात्र यानि बड़े से बड़े व्यक्ति से भी भूल हो सकती है। उक्त प्रवचन रविवार को ढड्ढा कोटड़ी में विराजित आचार्य विजयराज महाराज ने सामूहिक क्षमापना एवं तप अभिनंदन समारोह में व्यक्त किए। आचार्य विजयराज महाराज ने कहा कि हम सभी में न जाने कितने दोष भरे पड़े हैं और जीवन शुद्धि भी तब तक नहीं होगी जब तक क्षमा का भाव न हो। उन्होंने कहा कि व्यसन करने वाला तथा अपशब्द बोलने वाला जैन नहीं हो सकता है। जैन की पहचान तप, संयम और करुणा है। आचार्यश्री विजयराज महाराज के 64 वें जन्मदिवस व 50 वें दीक्षा वर्ष पर आठ दिवसीय कार्यक्रमों की दर्शना बांठिया ने दी। इससे पूर्व शांत क्रांति महिला मंडल ने नवकार मंत्र से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। श्री जैन महासभा के महामंत्री सुरेन्द्र जैन बद्धाणी ने बताया कि साढ़े तीन सौ से अधिक तपस्वियों का सम्मान पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इनमें कई तपस्वी जिन्होंने 8, 15, मासक्षमण, सिद्धि तप आदि की तपस्या की थी। जैन महासभा द्वारा आयोजित सामूहिक क्षमापना एवं तप अभिनंदन समारोह में आज सकल जैन समाज के साधु-साध्वियों के साथ श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही। साध्वी सौम्यदर्शना, साध्वी अक्षयदर्शना, साध्वी पद्मश्री, साध्वी मृगावती, मुनि अनुत्तर महाराज, मुनिश्री जितेन्द्र कुमार ने उद्बोधन देते हुए क्षमा व तप का महत्व बताया। जैन महासभा अध्यक्ष जैन लूणकरन छाजेड़, दिगम्बर जैन महासभा के धनेश जैन, श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ श्री संघ के विकास सिरोहिया, जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ श्री संघ के अजीतमल खजांची, सुरेन्द्र बांठिया, जैन रतन हितैषी श्रावक संघ के इन्द्रमल सुराणा मौजूद थे।

### बंदी ओपन जेल से फरार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के जैतसर कृषि फार्म स्थित ओपन कैम्प से एक बंदी फरार हो गया। फरार हुआ यह बंदी हत्या के मामले में सजा काट रहा था तथा जैतसर जेल में एक तिहाई सजा पूरी कर चुका था। इसके बाद इसे ओपन कैम्प में ट्रांसफर किया गया था। ओपन कैम्प में आने के बाद से उसका आचरण ठीक था। शाम की हाजरी में वह गायब मिला। जानकारी मिलते ही कैंप में हड़कंप मच गया। बंदी की तलाश के लिए कैम्प स्टाफ ने इधर उधर कोशिश की लेकिन बंदी नहीं मिला। इस पर जैतसर थाने में मामला दर्ज करवा दिया गया। इस संबंध में जैतसर थाने में दर्ज मामले में कैंप इंचार्ज बलराम ने बताया कि बंदी रूपराम पुत्र कृष्णलाल सूरतगढ़ के इंदिरा सर्किल इलाके का रहने वाला है। वह शुक्रवार सुबह तक कैम्प में मौजूद था। शाम को जब हाजरी ली गई तो वह गायब मिला। वह हत्या के मामले में सजा काट रहा था। जेल सुपरिंटेंडेंट दिनेश मीणा ने बताया कि बंदी रूपराम शुक्रवार शाम जैतसर के ओपन कैप से फरार हो गया था। इस संबंध में जैतसर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। बंदी की तलाश के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### पशु से टक्कर, बाइक सवार घायल

**अनूपगढ़,** (कासं)। गांव 15 ए के पास आवारा पशु की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आसपास के लोग घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में लाए। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार सुखप्रीत सिंह पुत्र अजमेर सिंह निवासी गांव 6 एच कल देर रात अनूपगढ़ से अपने गांव की ओर जा रहा था। जैसे सुखप्रीत सिंह गांव 15 ए के बस स्टैंड के पास पहुंचा उसी समय आवारा पशु ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर लगते ही सुखप्रीत सिंह अचेत होकर सड़क पर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा सुखप्रीत सिंह को अचेत अवस्था में राजकीय चिकित्सालय में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सुखप्रीत सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर समाजसेवी विजय नागपाल, कांग्रेस नेता हेतराम सिंगठिया,ग्राम पंचायत 15 ए के सरपंच प्रतिनिधि सहित काफी ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

# गोल्डी बराड़ के नाम पर फिरौती मांगने वाले तीन गिरफ्तार

- **कॉलोनाइजर से मांगी थी फिरौती, आरजू बिश्नोई के लिए कर रहे थे काम**
- **कॉल करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ का आदमी बताते हुए दस लाख की फिरौती मांगी थी**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कॉलोनाइजर से फिरौती मांगने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए कॉलोनाइजर से दस लाख की फिरौती मांगी थी। नहीं देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। इस पर कॉलोनाइजर ने जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। सीओ सिटी अरविंद बेरड़ की देखरेख में शनिवार को तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

शहर के तिलक नगर के रहने वाले व्यापारी और कॉलोनाइजर कैलाश अग्रवाल पुत्र महावीर प्रसाद ने जवाहर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें अग्रवाल ने बताया कि सात सितम्बर को रात साढ़े नौ बजे उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। इसमें कॉल करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ का आदमी बताते हुए दस लाख रुपए फिरौती की मांग की। नहीं देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद इस नंबर से बार-बार कॉल और मैसेज कर फिरौती की मांग की जा रही थी तथा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने सीओ सिटी अरविंद बेरड़ की देखरेख में जवाहर नगर थाना इंचार्ज नरेश निर्वाण, सदर थाना इंचार्ज कुलदीप चारण, एसआई पवन कुमार, डीएसटी इंचार्ज कश्यप सिंह, एएसआई सुरेन्द्र ज्याणी सहित कुछ लोगों को शामिल करते हुए टीम बनाई। व्यापारी अग्रवाल के जरिए कॉल करने वालों से संपर्क साधा। आरोपियों के व्यापारी की बातों में आते ही उन्हें धर दबोचा। पुलिस ने उनसे वारदात के लिए उपयोग किया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

इस मामले में आरोपी हरियाणा की डबवाली तहसील के अबूबशहर निवासी अक्षय कुमार (25) पुत्र राजेंद्र कुमार, श्रीगंगानगर की इंदिरा कॉलोनी गली नंबर तेरह का रहने वाला तरुण कुमार (22) पुत्र बलवीर तथा श्रीगंगानगर के चूनावढ़ थाना क्षेत्र के गांव छह जी फर्स्ट निवासी हंसराज (40) पुत्र नेताराम को गिरफ्तार किया। उनके पास से फिरौती की डिमांड के लिए उपयोग किया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है।

आरोपियों ने माना कि वे पंजाब के अबोहर इलाके के राजावाली निवासी आरजू बिश्नोई के साथ मिलकर उसके दिए डायरेक्शन के अनुसार गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का नाम उपयोग करके शहर के व्यापारियों को व्हाट्सएप से वर्चुअल नंबर से कॉल करके फिरौती की मांग करते थे।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण प्रीमियर लीग का शुभारंभ

**नोखा,**(कासं)। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण प्रीमियर लीग-2 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को रोडा॰ स्थित नोखा क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में भव्य शुभारंभ हुआ।

नोखा में दूसरी बार आयोजित हुए गुर्जर गौड़ प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ गौतम सेवा समाज परिमंडल बीकानेर अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय ने बेटिंग व पूर्व पालिका चेयरमैन डॉ सीताराम पंचारिया ने बोलिंग करके किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे आयोजनों से ही एकता बढती है। आयोजन समिति के संरक्षक मोहनलाल पंचारिया ने बताया कि पहला मैच फ्रीडम फाइटर देशनोक एवं मां चामुंडा क्लब कोलासर का हुआ जिसमें फ्रीडम फाइटर ने 19 रन से जीत दर्ज की। दूसरा मैच परशुराम क्लब नोखा एवं झुंझार क्लब भोजूसर के बीच हुआ जिसमें झुंझार क्लब ने 41 रन से जीत दर्ज की। तीसरा मैच मां चामुंडा क्लब 2 कोलासर एवं रॉयल चैलेंजलर दियातरा के बीच चल रहा था जो बारिश के कारण निरस्त किया गया।

# दोस्तों ने ही मिलकर किया था युवक का मर्डर

- **गौरव अपने दोस्त साहिल व अमन के साथ गोगामेड़ी जा रहा था**
- **रास्ते में झगड़ा होने पर गौरव की ईंट से हत्या कर दी**

आपसी कहासुनी में ईंट मार कर किया जानलेवा हमला, परिजनों ने अस्पताल के बाहर किया हंगामा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के नोहर कस्बे में दोस्तों के बीच हुई आपसी कहासुनी में एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। उसके बाद फेफाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

चोकी प्रभारी मानसिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कस्बे के वार्ड नं. 5 निवासी गौरव वाल्मीकि (33) के रूप में हुई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद वाल्मीकि समाज के बड़ी संख्या में लोग चिकित्सालय में जमा हो गए और रोष प्रकट किया।

गौरव वाल्मीकि अपने दोस्त नोहर निवासी साहिल व हिसार निवासी अमन के साथ गोगामेड़ी जा रहा था। रास्ते में फेफाना मोड़ के समीप साहिल व अमन का गौरव के साथ झगड़ा हो गया। साहिल व अमन ने गौरव पर ईंट से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव सड़क किनारे एक खेत में छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद गौरव के सुबह तक घर नहीं आने पर परिजन उसकी तलाश करते रहे।

इस दौरान परिजनों को खेत में शव मिलने की सूचना मिली, तो परिजन मौके पर पहुंचे ओर शव की पहचान की। जिसके बाद आसपास के लोगों मे शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव कब्जे में ले लिया।

वहीं परिजनों ने पुलिस पर प्रारम्भिक तौर पर मामले को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाते हुए चिकित्सालय में प्रदर्शन किया। परिजनों ने दो युवक को पर हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# लम्पी से संक्रमित का आंकड़ा 73 हजार के पार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में लम्पी वायरस का कहर अभी जारी है। जिले में पिछले 24 घंटे में 556 गौवंश लम्पी वायरस से संक्रमित हुए हैं। वहीं अब तक जिले में 3 हजार 105 गौवंश की लम्पी वायरस से मौत हो गई है। विपक्ष ने भी सरकारी आंकड़ों पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

पशुपालन विभाग के आंकड़ों की माने तो जिले भर में 5 लाख 58 हजार 943 गौवंश का सर्वे विभाग ने किया है। जिसमे से 73 हजार 605 गौवंश लम्पी से संक्रमित पाये गए हैं। वहीं 69 हजार 382 गौवंश का इलाज डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। विभाग का दावा है कि अब तक 41 हजार 203 गौवंश इस बीमारी से ठीक हो गए हैं। जिले भर में अब तक 3 हजार 105 गौवंश लम्पी वायरस की चपेट में आने से दम तोड़ चुके हैं। सरकारी आंकड़ों को लेकर विपक्ष लगातार राज्य सरकार पर हमलावर है। पीलीबंगा विधायक धर्मेन्द्र मोची ने सरकार और पशुपालन विभाग पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि आंकड़े झूठे दिखाकर सरकार वाहवाही लूट रही है। वहीं बीजेपी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुशील गोदारा ने कहा कि गांवों में गौवंश लम्पी के शिकार हुए हैं, लेकिन सरकार इलाज करने के बजाय आंकड़े छिपाने में लगी हुई है।

## हिन्दी पर संगोष्ठी 13 से

**बीकानेर,**(कासं)। हिन्दी दिवस के उपलक्ष में संभागीय आयुक्त कार्यालय की ओर से 13 व 14 सितम्बर को संगोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा।

राजभाषा सम्पर्क अधिकारी व राजस्थानी भाषा अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया कि 13 सितम्बर को प्रातः 11 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में सरकारी कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग विषयक संभाग स्तरीय संगोष्ठी संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज कुमार पवन की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। 14 सितम्बर को दोपहर 12 बजे राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय सभागार में राष्ट्रीय एकता और हिन्दी विषयक संगोष्ठी आयोजित की जायेगी।


# ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव में धांधली का आरोप

- **पांच नामांकन रद्द करने पर ग्रामीणों ने मोर्चा खोला**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। लीलावाली गांव में ग्रामीणों ने ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव में सत्ता पक्ष पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने 5 नामांकन रद्द करने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। रविवार को ग्रामीणों ने विरोध में विशाल जनसभा का आयोजन किया।

जनसभा में ग्रामीणों ने पूर्व विधायक कृष्ण कड़वा को आमंत्रित किया। ग्रामीण प्रकाश गोदारा ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव में कई लोगों ने नामांकन भरे हैं। सत्ता पक्ष ने अपने लोगों के नामांकन की कमियों का समय पूरा होने के बाद भी सुधार करवाया लेकिन जो मजबूत प्रत्याशी थे, उनके नामांकन में कमियां निकालकर नामांकन ही रद्द करवा दिया। ग्रामीण मनदीप मान और विक्रम गोदारा ने बताया कि सत्ता पक्ष की ओर से नामांकन दाखिल करने वाले व्यक्ति कानूनों को ताक पर रखते हुए चुनाव लड़ रहे हैं। मान ने आरोप लगाया कि इसमें से एक प्रत्याशी के 4 बच्चे हैं और वह आठवीं कक्षा भी पास नहीं है। इसके बाद भी उसका नामांकन पास किया गया है। इस बारे में लिखित रूप में शिकायत दी गई तो उस पर भी सत्ता पक्ष का इतना दबाव रहा कि उस शिकायत पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व विधायक कृष्ण कड़वा ने कहा कि गांवों में सहकारी समिति के 13 सौ तक वोट होते हैं। लेकिन लीलावाली गांव में 300 से अधिक वोटों का नामांकन नहीं हुआ है। इसका मुख्य कारण सत्ता पक्ष के लोग अपने चहेतों को चुनाव लड़ा कर अपना दबदबा रखना चाहते हैं।

# चेतन स्वामी के कथा संग्रह 'बाई म्हांरी चिड़कोली' का लोकार्पण



श्रीडूंगरगढ़ में चेतन स्वामी के कथा संग्रह बाई म्हांरी चिडकोली का लोकर्पण वरिष्ठ साहित्यकार श्याम महर्षि ने किया।

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति के प्रांगण में आयोजित संगोष्ठी में राजस्थानी कथाकार चेतन स्वामी के नव प्रकाशित कथा संग्रह बाई म्हांरी चिड़कोली का विमोचन राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्याम महर्षि ने किया।

इस अवसर पर श्याम महर्षि ने कहा कि चेतन स्वामी की कहानियां लोक के सच को अनावृत करती है। प्रत्येक कहानी पाठक को सोचने के लिए विवश करती है। यह एक सुखद अहसास है कि लेखक की कथा सृजन की यह यात्रा अविरल जारी है और उत्तरोतर स्वामी की कहानियां अधिक वैचारिक सघनता के साथ सामने आ रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कवि रवि पुरोहित ने की। पुरोहित ने कहा कि चेतन स्वामी की कहानियों की बुनावट बहुत बारीक रहती है। पाठक एक पंक्ति भी अगर छोड़ देता है तो वह किसी एक तथ्य से वंचित रह जाता है। इस दौरान चेतन स्वामी ने अपने कहानी संग्रह से स्हैर नामक कहानी का वाचन किया, जिसका पाठकों ने रसास्वादन किया। कथाकार मदन सैनी ने करधनी कहानी को सुनाया। कहानी की रोचकता ने सभी को प्रभावित किया। कवि श्रीभगवान सैनी ने बाल कविताओं का पाठ किया। संगोष्ठी में सत्यनारायण योगी, रामचन्द्र राठी, पत्रकार अशोक पारीक, मुकेश सैनी, विजय महर्षि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संयोजन सत्यनारायण योगी ने किया।

## नशे से नुकसान की जानकारी दी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। संकल्प फाउंडेशन की ओर से नेशनल पब्लिक स्कूल में एक कदम नशा मुक्ति की ओर को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने स्टूडेंट्स को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया।

पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बारे में बताते हुए सीओ सिटी प्रशांत कौशिक ने कहा कि कहीं पर भी कोई स्टूडेंट किसी को नशे से संबंधित कार्य करते हुए देखे तो उसी समय अपने माता-पिता, स्कूल टीचर या पुलिस को सूचना दे। विशिष्ट अतिथि आईएमए जिलाध्यक्ष डॉ. भवानी ऐरन ने स्टूडेंट्स को कई प्रकार के नशों से शरीर पर पडने वाले प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने स्टूडेंट्स को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को संवारने के लिए पढ़ाई की ओर ध्यान देने की अपील की। फाउंडेशन अध्यक्ष दिनेश दाधीच ने कहा कि समाज में बढ़ रहे नशे के प्रति समाज का प्रत्येक वर्ग चिंतित है। नशे से पूरा परिवार बर्बादी की ओर जाता है। पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई के साथ-साथ हम सभी का भी इसे रोकने का दायित्व है।

# जेएनवीसी के 28 घरों में चल रही अवैध दुकानों को नोटिस जारी

- **लोकायुक्त ने यूआईटी सचिव को तलब किया, गोल बाजार स्टेच्यू सर्किल विकास समिति ने जून, 2018 में मैन रोड से कॉलेज चौराहे तक बिना भू रूपांतरण कराये घरों में अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां चलाने की शिकायत लोकायुक्त से की थी**

**बीकानेर,**(कासं)। व्यास कॉलोनी मूर्ति सर्किल से पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे तक लोगों ने अपने घरों में दुकाने-शोरूम बना लिए हैं। लोकायुक्त ने इस मामले में यूआईटी सचिव को तलब किया है। उसके बाद यूआईटी ने ऐसे 28 मकान मालिकों को नोटिस देकर व्यावसायिक परिसर को सीज करने की चेतावनी दी है।

व्यास कॉलोनी की मैन रोड मूर्ति सर्किल से पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे तक पूरी रोड व्यावसायिक दृष्टि से बहुत ज्यादा उपयोगी हो गई है। इसे देखते हुए इस रोड पर रहने वाले लोगों ने अपने आवासीय परिसर में ही जमीन का व्यावसायिक भू उपयोग परिवर्तन कराए बिना दुकाने-शोरूम बना लिए हैं। इसकी शिकायत होने पर लोकायुक्त ने यूआईटी सचिव को 13 सितम्बर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा है। अगर सचिव की ओर से इस मामले में आवश्यक जवाब, दस्तावेज और रिपोर्ट तारीख पेशी से पहले दी जाए तो उन्हें पेश नहीं होना पड़ेगा।

लोकायुक्त के इस आदेश के बाद यूआईटी ने व्यास कॉलोनी मूर्ति सर्किल से पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे तक सर्वे करवाया तो सामने आया कि 28 घरों में अवैध रूप से दुकाने-शोरूम बना लिए गए हैं। इन सभी को नोटिस देकर सात दिन में व्यावसायिक गतिविधियां बंद करने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर व्यावसायिक परिसर सीज करने की चेतावनी दी गई है।

व्यास कॉलोनी में यूआईटी ने मूर्ति सर्किल के पास गोल बाजार में महंगी दरों पर दुकाने दी थी। लेकिन मैन रोड पर ही घरों में दुकानें बना देने से गोल बाजार फेल होने लगा। इससे गोल बाजार स्टेच्यू सर्किल विकास समिति ने जून, 18 में मैन रोड से कॉलेज चौराहे तक घरों में अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां चलाने की शिकायत लोकायुक्त से की थी।

यशपाल आहूजा, यूआईटी सचिव बीकानेर का कहना है कि सर्वे में सामने आया है कि 28 मकान मालिकों ने जमीन का भू रूपांतरण कराए बिना ही अपने घरों में दुकानें-शोरूम बना लिए हैं। इन सभी को नोटिस दिए गए हैं। भू रूपांतरण कराए बिना व्यावसायिक गतिविधियां की तो राजस्थान नगर सुधार अधिनियम, 1959 की धारा 90 ए में कार्रवाई की जायेगी।




मैं दीपक चाहर को टी20 विश्व कप की टीम में देखना चाहूंगा क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया में घातक गेंदबाज साबित हो सकते हैं।
-सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, विश्वकप को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** स्टुअर्ट ब्रॉड





**स्टुअर्ट ब्रॉड** ने साउथ अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर को आउट कियाये ब्रॉड का 564वां टेस्ट विकेट था, जिसे हासिल करके वे ग्लेन मैक्ग्रा से आगे निकल गए। इस सफलता ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाला दूसरा सबसे सफल तेज गेंदबाज बना दिया। जिन्होंने अपने करियर में 666 विकेट चटकाए हैं। ओवरऑल ब्रॉड टेस्ट क्रिकेट इतिहास के पांचवें सबस सफल गेंदबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर 800 विकेट लेने वाले श्रीलंका के पूर्व महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्माब्वे के तातेदु ताएब ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

## जैनसेन का पंजा, इंग्लैंड 158 रन पर सिमटी

लंदन, 11 सितंबर। दक्षिण अफ्रीका ने मारको जैनसेन (पांच विकेट) और कागिसो रबाडा (चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को 158 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंग्लैंड ने पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका को 118 रन पर समेट दिया था और अब मैच में 40 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने चौथे दिन 154/7 से पारी को आगे बढ़ाते हुए 16 गेंदों में मात्र चार रन बनाकर अंतिम तीन विकेट गंवाये। रबाडा ने दिन की दूसरी गेंद पर ओली रॉबिनसन को आउट किया, जबकि अपने अगले ओवर में उन्होंने जैक लीच का विकेट लिया। जैनसेन ने बेन फोक्स (14) को आउट करके अपने पांच विकेट पूरे किये। जैनसेन ने पांच विकेट के बदले 12.2 ओवर में सिर्फ 35 रन दिये, जबकि रबाडा ने 13 ओवर में 81 रन देकर चार विकेट झटके। इसके अलावा आनरिक नॉर्खेया ने नौ ओवर में 29 रन देकर एक विकेट लिया। इंग्लैंड की ओर से ओली पोप ने सर्वाधिक 67 रन बनाये, जबकि जो रूट ने 23 रन का योगदान दिया।

## क्यूएफए के साथ एआईएफएफ का एमओयू

नयी दिल्ली/दोहा, 11 सितंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने रविवार को क़तर फुटबॉल महासंघ (क्यूएफए) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। एआईएफएफ की ओर से जारी बयान के मुताबिक एआईएफएफ और क्यूएफए के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को मुलाकात की, जिसके बाद दोनों महासंघों ने समझौते के लिए सहमित जतायी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बैठक के बाद कहा, मैं भारत और कतर के बीच सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने के वास्ते अपना बहुमूल्य समय देने के लिए क्यूएफए अध्यक्ष शेख हमाद बिन खलीफा बिन अहमद अल-थानी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि यह समझौता दोनों देशों के लिए दूरगामी फायदेमंद होगा। एआईएफएफ अध्यक्ष के साथ महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन इस सप्ताह की शुरुआत में दोहा की यात्रा पर गये थे जहां उन्होंने शुक्रवार को भारतीय फुटबॉल के भविष्य पर चर्चा करने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की थी।

## राजस्थान ने जीता राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंम्पियनशिप का खिताब

लखनऊ, 11 सितंबर। बेहतर तालमेल और शानदार रणनीति की बदौलत राजस्थान ने 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप का खिताब रोमांचक फाइनल में पिछली विजेता सर्विसेज को 37-34 गोल से हराकर जीत लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में राजस्थान ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया जबकि सर्विसेज को मौकों पर तालमेल की कमी का नुकसान उठाना पड़ा। दोनों ही टीमों में कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी थे जिसके चलते फाइनल में एक-एक गोल के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। इसी के साथ सर्विसेज का लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। राजस्थान ने मध्यांतर तक 17-16 तक बढ़त बना ली। मध्यांतर में एक गोल से पिछड़ी सर्विसेज की टीम ने मध्यांतर के बाद वापसी की कोशिश की। राजस्थान की ओर से भूषण ने प्रतिद्वंद्वी के खेमे में सेंध लगाते हुए सर्वाधिक 11 गोल दागे। उनका साथ देते हुए विकी ने सात गोल किए। अनिल खुदिया व भोलू को 6-6 जबकि सुखी को चार गोल दागने में सफलता मिली। सर्विसेज की ओर से दीपक अहलावत ने सर्वाधिक 9 गोल किए। अशोक नैन ने 7, सुजा-उर ने 6 गोल दागे। चिराग को चार, साहिल, तरुण व रॉबिन को दो-दो और अर्जुन को एक गोल करने में सफलता मिली। राजस्थान की टीम इस चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में रजत पदक विजेता थी। दूसरी ओर सर्विसेज ने पिछली दो चैंपियनशिप में लगातार स्वर्ण पदक जीता था।

## राष्ट्रीय खेल : उद्घाटन समारोह से पहले आयोजित होगी टेबिल टेनिस प्रयोगिता

गांधीनगर, 11 सितंबर। गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों की आयोजक समिति ने 30 सितंबर से शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया है कि राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता 29 सितंबर को होने वाले उद्घाटन समारोह से पहले आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने रविवार को जारी विज्ञिप्त में कहा, ''चीन के चेंगदू में विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप 30 सितंबर को शुरू हो रही है, इसलिए राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति ने सूरत में 20 से 24 सितंबर तक टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला किया।'' इस फैसले की बदौलत मनिका बत्रा, साथियान ज्ञानसेकरन और अचंता शरत कमल जैसे सितारे राष्ट्रीय खेलों में 20 सितंबर से नजर आयेंगे। विज्ञिप्त में कहा गया कि बहुप्रतीक्षित 36वें राष्ट्रीय खेल 29 सितंबर को उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होंगे। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों से 7000 से ज्यादा एथलीट अपने-अपने राज्यों का परचम लहराने के लिये खेलों में हिस्सा लेंगे। कबड्डी (26 सितंबर), नेटबॉल (26 सितंबर), लॉन बाउल्स और रग्बी (दोनों 28 सितंबर) भी उद्घाटन समारोह से पहले शुरू होंगे।

# स्वियातेक बनी यूएस ओपन की नई चैम्पियन




न्यूयॉर्क, 11 सितंबर। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने एकतरफा फाइनल मुकाबले में ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्यूर को हराकर अपना पहला यूएस ओपन खिताब जीत लिया। विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी स्वियातेक ने शनिवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में जब्यूर को 6-2, 7-6 (5) से हराकर साल का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया।

इस साल मार्च में एशले बार्टर के आकस्मिक सन्यास के बाद 21 वर्षीय स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गयी थीं, लेकिन युवा खिलाड़ी ने इससे घबराने के बजाय प्रेरणा ली। स्वियातेक ने जीत के बाद कहा, ''मुझे संयमित रहने और लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी। सीज़न की शुरुआत में मुझे एहसास हुआ कि शायद डब्ल्यूटीए इवेंट्स में कुछ परिणाम मेरे हित में हो सकते हैं। मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई, लेकिन मुझे यकीन नहीं था कि मैं वास्तव में ग्रैंड स्लैम जीत सकती थी, खासकर यूएस ओपन पर जहां सतह इतनी तेज है।''

उन्होंने कहा, ''यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे निश्चित रूप से उम्मीद नहीं थी। इससे मुझे यकीन हुआ है कि आकाश ही सीमा है। मुझे गर्व है, और थोड़ा आश्चर्य भी, बस इस बात की खुशी है कि मैं ऐसा करने में सक्षम रही।'' पहला सेट 6-2 से स्वियातेक की तरफ जाने के बाद दूसरा सेट टाइब्रेकर पर आ गया था। स्वियातेक ने 4-5 से पिछड़कर वापसी की और फोरहैंड शॉट से बराबरी हासिल की। दो पॉइंट बाद जब्यूर का फोरहैंड कोर्ट के बाहर गिरने से स्वियातेक को विजय प्राप्त हुई और वह यूएस ओपन जीतने वाली पोलैंड की पहली महिला खिलाड़ी बन गयीं।

इस साल से पहले स्वियातेक को लाल बजरी का मजबूत खिलाड़ी माना जाता था, लेकिन दोहा, इंडियन वेल्स और मियामी में तीन हार्डकोर्ट खिताब जीतने के बाद उन्होंने लोगों की राय बदल दी। स्वियातेक न्यूयॉर्क में साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम जीतकर सेरेना विलियम्स (2014) के बाद ऐसा करने वाली पहली टॉप सीड खिलाड़ी बन गयी हैं। फ्रेंच ओपन की विजेता स्वियातेक एंडलिक कर्बर (2016) के बाद एक साल में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी भी बन गयी हैं। स्वियातेक और जब्यूर सोमवार को डब्ल्यूटीए रैंकिंग में क्रमश: नंबर एक और नंबर दो पर रहेंगी। उन्होंने पिछले दो वर्षों में महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) टूर पर सबसे अधिक जीत हासिल की हैं और डब्ल्यूटीए फाइनल लीडरबोर्ड की दौड़ में भी पहले और दूसरे स्थान पर हैं। दोनों खिलाड़ी इस सीजन का अपना दूसरा प्रमुख फाइनल खेल रही थीं, लेकिन वह स्वियातेक थीं जिन्होंने ट्रॉफी और इनाम राशि हासिल की।

## स्वियातेक की यूएस ओपन ट्रॉफी में निकला तोहफा

न्यूयॉर्क, 11 सितंबर। सीज़न 2022 में पेरिस से लेकर न्यूयॉर्क तक कुल सात डब्ल्यूटीए खिताब जीतने वाली पोलैंड की इगा स्वियातेक को यूएस ओपन खिताब जीतने के बाद वह तोहफा मिल गया जिसका उन्हें साल भर से इंतजार था। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक हर आयोजन जीतने के बाद ट्रॉफी समारोह के दौरान ट्रॉफी के अंदर झांकती थीं, और उसके खाली होने के कारण चेहरे पर निराशा के भाव ले आती थीं। यूएस ओपन में हालांकि ऐसा नहीं हुआ। ट्रॉफी समारोह के बाद संवाददाता सम्मेलन के दौरान स्वियातेक से ट्रॉफी का ढक्कन हटाकर देखने के लिये कहा गया। स्वियातेक ने ढक्कन हटाकर देखा तो उसके अंदर उनकी मनपसंद मिठाई तिरामिसु थी।

## पीयर्स-सैंडर्स ने जीता यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब

न्यूयॉर्क, 11 सितंबर। जॉन पीयर्स और स्टॉर्म सैंडर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फ्रांस के एडुअर्ड रोजर वेसलिन और बेल्जियम की कर्स्टन फ्लिपकेन्स को हराकर यूएस ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। ऑस्ट्रेलियाई युगल ने शनिवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में फ्लिपकेन्स-वेसलिन की जोड़ी को 4-6, 6-4, 10-7 से मात देकर बतौर टीम अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। सैंडर्स ने जीत के बाद कहा, ''विश्व के सबसे बड़े कोर्ट पर खेलना एक यादगार अनुभव है। हम अगले साल वापस आयेंगे।'' चौथी सीड ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने पहले सेट में कई ब्रेक-पॉइंट गंवाये, लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया और सेट पॉइंट पर वेसलिन के डबल फॉल्ट का फायदा उठाते हुए मैच को तीसरे सेट में पहुंचाया। फ्लिपकेन्स-वेसलिन की जोड़ी ने निर्णायक सेट में 0-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की लेकिन लय बरकरार नहीं रख सके और 10-7 से तीसरा सेट हार गये।

## छठी बार श्रीलंका के सिर सजा एशिया का ताज

### पाकिस्तान को फाइनल में 23 रन से हराया

दुबई, 11 सितंबर। श्रीलंका ने भानुका राजपक्षे (71 नाबाद) के अर्द्धशतक और प्रमोद मदुशन (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान को एशिया कप फाइनल में रविवार को 23 रन से हराया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 171 रन बनाये थे, जिसके जवाब में पाकिस्तान 147 रन पर ऑलआउट हो गयी। छठी बार एशिया कप जीतने वाली श्रीलंका ने 58 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे, लेकिन राजपक्षे ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए 45 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 71 रन की पारी खेली और टीम को 171 रन के स्कोर तक पहुंचाया।

पाकिस्तान 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी आवश्यक रनगति हासिल नहीं कर सकी। मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान के लिये 49 गेंदों पर 55 रन की आपराधिक पारी खेली, जबकि इफ्तिखार अहमद ने 31 गेंदों पर 32 रन बनाये। दोनों बल्लेबाजों ने आपस में 71 रन की साझेदारी के लिये 59 गेंदें खेलीं जिसके कारण आखिरी ओवरों में पाकिस्तान के लिये आवश्यक रनगति हासिल करना बेहद मुश्किल हो गया। मदुशन ने चार ओवर में 34 रन के बदले चार विकेट लेकर पाकिस्तानी बल्लेबाजी की कमर तोड़ी, जिसमें कप्तान बाबर आजम का विकेट भी शामिल था। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस (शून्य) पहले ओवर में ही नसीम शाह की बेमिसाल इनस्विंगर की भेंट चढ़ गये।

धनन्जय डि सिल्वा ने चार बेहतरीन चौके लगाये लेकिन वह भी 21 गेंदों पर 28 रन ही बना सके। दनुष्का गुनतिलक (01) और कप्तान दसुन शनाका (02) के न्यून स्कोरों पर आउट होने के बाद श्रीलंका ने 58 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे, मगर राजपक्षे और हसरंगा ने मोर्चा संभाला और छठे विकेट के लिये 58 रन की बहुमूल्य साझेदारी की। हसरंगा ने राजपक्षे का साथ देते हुए 21 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 36 रन बनाये। हसरंगा के आउट होने के बाद राजपक्षे ने चमिका करुणारत्ने (14 नाबाद) के साथ सातवें विकेट के लिये 54 रन जोड़े और 20वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर एक चौके और एक छक्का लगाकर टीम को 20 ओवर में 170/6 के स्कोर तक पहुंचाया।

## ग्लेन, डंकले के आगे भारत पस्त

### भारत को पहले टी-20 मुकाबले में नौ विकेट से मात दे दी

चेस्टर ली स्ट्रीट, 11 सितंबर। इंग्लैंड महिला टीम ने सारा ग्लेन (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी और सोफिया डंकले (61) के नाबाद अर्द्धशतक की बदौलत भारत को पहले टी20 मुकाबले में नौ विकेट से मात दे दी। भारत ने इंग्लैंड को 133 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने 13 ओवर में ही हासिल कर लिया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति मंधाना ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलायी मगर 20 गेंदों पर 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं। कप्तान हरमनप्रीत ने 20(15) रन, रिचा घोष ने 16(12) रन और दीप्ति शर्मा 29(24) रन बनाकर भारत को 20 ओवर में 132/7 के स्कोर तक पहुंचाया।

133 रन के लक्ष्य की हिफाजत करते हुए भारत के लिये दूसरी पारी विस्मरणीय रही। डंकले ने पहले विकेट के लिये डेनियल वायट के साथ 60 रन जोड़े, जबकि दूसरे विकेट के लिये एलीस कैपसी के साथ 74 रन की साझेदारी की। वायट ने 16 गेंदों पर तीन चौकों की बदौलत 24 रन बनाये जबकि 20 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की बदौलत 32 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

सलामी बल्लेबाज डंकले ने 44 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के सहित सर्वाधिक 61 रन बनाये, जिसमें इंग्लैंड को विजय दिलाने वाला चौका शामिल था। भारत की ओर से एकलौता विकेट स्नेह राणा ने लिया। इंग्लैंड ने इस जीत के साथ तीन मैचों की टी20 शृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। शृंखला का दूसरा मैच मंगलवार, 13 सितंबर को डर्बी में खेला जाएगा।

## पश्चिम, उत्तर दलीप ट्रॉफी फाइनल में

चेन्नई, 11 सितंबर। पश्चिम क्षेत्र ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल में रविवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पश्चिम ने आखिरी दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में पांच विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाये। ऑलराउंडर अतीत सेठ (नाबाद 102) और शम्स मुलानी (97) ने पश्चिम के लिये बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया।

मैच ड्रॉ होना तभी निश्चित हो गया था जब पश्चिम ने तीसरे दिन पहली पारी में 355 रन की बढ़त ले ली थी। बेंगलुरु के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चौथे दिन का खेल पश्चिम क्षेत्र के उन बल्लेबाजों के लिए एक मौका था जिन्हें पहली पारी में विकेट पर समय बिताने का मौका नहीं मिला। पश्चिम ने चौथे दिन दूसरी पारी में 12 रन पर एक विकेट से आगे खेलते हुए राहुल त्रिपाठी (24) और हार्दिक तामोरे (24) के विकेट जल्दी गंवा दिये। चिराग जानी (चार रन) भी बड़ा योगदान दिये बिना विश्वोर्जित सिंह की गेंद पर आउट हुए।

पश्चिम के 68 रन पर चार विकेट गिरने के बाद सेठ और मुलानी ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी की। मुलानी ने 115 गेंदों 12 चौके लगाकर 97 रन बनाये जबकि सेठ ने 101 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्का लगाकर 102 रन की नाबाद पारी खेली। मुलानी शतक लगाने से चूक गये और विश्वोरजीत (39 रन पर दो विकेट) की गेंद पर उन्हें ही कैच थमा बैठे। दूसरे छोर पर सेठ खड़े रहे और जयदेव उनादकट (एक नाबाद) के साथ 24 रन जोड़कर मैच को समाप्त किया। दूसरे क्वार्टरफाइनल मुकाबले में उत्तर क्षेत्र ने पूर्वी क्षेत्र को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

## बारिश के बाद ड्रॉ हुआ दूसरा अनाधिकारिक टेस्ट

हुबली, 11 सितंबर। भारत-ए और न्यूजीलैंड-ए के बीच खेले गये अनाधिकारिक टेस्ट के चौथे दिन रविवार को बारिश के कारण सिर्फ 12.5 ओवर फेंके गये और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। न्यूजीलैंड ने मैच समाप्त होने तक पहली पारी में दो विकेट के नुकसान पर 39 रन बनाये।

गीले आउटफील्ड के कारण मैच शुरू होने में देर हुई और भारत-ए ने तीसरे दिन बनाये गये 229/6 पर अपनी पारी घोषित की। भारत-ए के लिये कप्तान प्रियांक पांचाल ने सर्वाधिक 87 रन बनाये जबकि श्रीकर भरत 74 रन बनाकर नाबाद रहे।

## जीत के साथ समाप्त हुआ फिंच का एकदिवसीय करियर

### न्यूजीलैंड को तीसरे एकदिवसीय मैच में 25 रन से मात दी

केर्न्स, 11 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (105) के शतक और मार्नस लाबुशेन (52) के अर्द्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड को तीसरे एकदिवसीय मैच में रविवार को 25 रन से मात दी। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 268 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में वह 242 रन पर ऑलआउट हो गयी। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान ऐरन फिंच की आखिरी एकदिवसीय शृंखला में न्यूजीलैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया।

एकदिवसीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर चुके फिंच ने पांच रन बनाये, जबकि जॉश इंग्लिस ने 10(16) रन का योगदान दिया। शतकवीर स्मिथ ने लाबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिये 118 रन की साझेदारी की, जबकि एलेक्स कैरी (42) के साथ चौथे विकेट के लिये 69 रन जोड़े।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्मिथ ने एकदिवसीय क्रिकेट में अपना 11वां शतक जमाते हुए 131 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की बदौलत 105 रन की पारी खेली। अंत में कैमरन ग्रीन ने 12 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 50 ओवर में 267 रन तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने 268 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण जीत तक नहीं पहुंच सकी। सलामी बल्लेबाज फिन ऐलेन (35) और डेवन कॉनवे (21) ने कीवी टीम को सहज शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिये 49 रन जोड़े।

कप्तान केन विलियमसन (27), टॉम लैथम (10) और डेरिल मिशेल (16) का विकेट जल्दी गिरने के बाद ग्लेन फिलिप्स ने जेम्स नीशम के साथ छठे विकेट के लिये 61 रन की साझेदारी की। फिलिप्स ने 53 गेंदों पर 47 रन बनाये, जबकि नीशम ने 34 गेंदों पर 36 रन की जुझारू पारी खेली।

जब न्यूजीलैंड को 12 ओवर में 95 रन की दरकार थी तब कप्तान फिंच ने ग्रीन को गेंद सौंपी जिन्होंने नीशम को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। फिलिप्स ने मिचेल सैंटनर (30) के साथ भी सातवें विकेट के लिये 51 रन जोड़े, लेकिन मिचेल स्टार्क ने फिलिप्स को और शॉन एबट ने सैंटनर को आउट कर कीवी टीम की बची-कुची पर उम्मीदों को समाप्त किया। स्टार्क ने 50वें ओवर में लोकी फर्ग्यूसन और ट्रेंट बोल्ट का विकेट लिया जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड 49.5 ओवर में ही 242 रन पर ऑलआउट हो गयी।

## जयपुर बना चैम्पियन

जयपुर, 11 सितम्बर। राजस्थान ओपन व अंतर जिला जूनियर टेनिस प्रतियोगिता में आज अंतर जिला प्रतियोगिता के फाइनल में जयपुर ने सिरोही को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

बालिका युगल 18 वर्ष आयुवर्ग फाइनल के मुकाबले में सानिया खान व नव्या शर्मा ने प्रिया यादव व दिव्या यादव को 7-6, (7-4), 6-4 से हराया।

बालक एकल 12 वर्ष आयुवर्ग फाइनल मुकाबले में दर्श पाबूवाल ने




**अंतर जिला प्रतियोगिता के परिणाम निम्न प्रकार से है :-**

प्रथम एकल मुकाबले में कृषपाल सिंह (सिरोही) ने वरूण रस्तौगी (जयपुर) को 9-3 से, दूसरे एकल मुकाबले में प्रियांश तंवर ने कुशाल (सिरोही) 9-0 से निर्णायक युगल मुकाबले में फरहान अहमद खान व वरुण रस्तौगी (जयपुर) ने कृषपाल सिंह व कुशाल (सिरोही) को 9-3 से हराया।

बालिका एकल 14 वर्ष आयु वर्ग फाइनल के मुकाबले में दिव्या यादव ने सिल्वी पाल को 6-2, 6-2 से हराया।

बालिका एकल 18 वर्ष आयुवर्ग फाइनल के मुकाबले में नव्या शर्मा ने सिल्वी पाल को 6-2, 6-2 से हराया।

नील भारद्वाज को 6-0, 6-3 से हराया।

बालक एकल 14 वर्ष आयुवर्ग फाइनल मुकाबले में जयवर्धन भाटिया ने दर्श पाबूवाल को 2-6, 6-0, 6-1 से हराया।

बालक एकल 14 वर्ष आयुवर्ग फाइनल मुकाबले में शफात ने कृष्णा सिंह को 6-1, 6-2 से हराया।

बालक युगल 14 वर्ष आयुवर्ग फाइनल मुकाबले में प्रियांश तंवर व जयवर्धन भाटिया ने नैवेध्य जागिड़ व अली खान को 6-2, 6-1 से हराया।

बालक युगल 18 वर्ष आयुवर्ग फाइनल मुकाबले में शफात व कृष्णा सिंह ने फरहान अहमद खान व प्रिंस राज को 6-4, 6-1 से हराया।

## 39वीं इंडियन ऑयल सुरजीत हॉकी 27 अक्टूबर से

जालंधर, 11 सितंबर। भारत का प्रतिष्ठित 39वां इंडियन ऑयल सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से चार नवंबर तक स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क में खेला जाएगा। सुरजीत हॉकी सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिला उपायुक्त जसप्रीत सिंह ने रविवार को बताया कि सोसायटी द्वारा हर साल टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व भारतीय हॉकी टीम के कप्तान और ओलंपियन सरदार सुरजीत सिंह रंधावा के नाम को जीवित रखने के लिए किया जाता है, जिन्होंने सात जनवरी 1984 को जालंधर के पास एक दुखद कार दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी थी। जसप्रीत सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट का 39वां संस्करण नॉकआउट-कम-लीग के आधार पर खेला जाएगा। पिछले टूर्नामेंट के दौरान टीमों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए छह टीमों को सीधे क्वार्टरफाइनल लीग चरण में शामिल किया गया है जबकि दो टीमें नॉकआउट चरण के मैचों से क्वालीफाई करेंगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें तीन नवंबर को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## सुब्रतो कप : नागालैंड, मणिपुर, चंडीगढ़, झारखंड सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली, 11 सितंबर। नागालैंड, मणिपुर, चंडीगढ़ और झारखंड के स्कूलों ने रविवार को अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर 61वें सुब्रतो कप बॉयज अंडर-14 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी।

दिन के पहले मुकाबले में ग्रीनवुड स्कूल, दीमापुर, नागालैंड ने सुब्रतो पार्क फुटबॉल ग्राउंड में मिंगमांग नलबाड़ी हाई स्कूल, असम को 7-0 से पटकनी दी। यिलासीली ने खेल के सातवें, 22वें और 35वें मिनट में विजेताओं के लिए गोल जमाये। अन्य गोल लिमाथुंग (12), यिसेली (19), केवेस्पा (37) और विबिटो (50) ने किये।

हिरोक हायर सेकेंडरी स्कूल, इंफाल, मणिपुर, ने एनएनएमएचएसएस, चेलेम्ब्रा, केरल को इसी मैदान पर 6-0 से हराकर दूसरा क्वार्टरफाइनल जीता। एल बिक्रमजीत (06, 26) और जे. लिक्सन (28, 33) ने दो-दो गोल किये, जबकि अन्य दो गोल ए. सीतम (10) और ए. जॉनसन (50) ने जमाये।

इसके बाद अंबेडकर स्टेडियम में हुए तीसरे क्वार्टरफाइनल में गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, चंडीगढ़ ने गवर्नमेंट चाउंगफियांगा मिडिल स्कूल, मिज़ोरम को 1-0 से हराया। चंडीगढ़ की टीम के लिए टाइन्स ने एकलौता गोल किया।

चौथे और अंतिम क्वार्टरफाइनल में झारखंड के गुमला के बारवे हाई स्कूल, चैनपुर ने भी मिहमिंटडू आरसी इवनिंग स्कूल, मेघालय के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। मैच के नौवें मिनट में समीर सोरेन ने विजयी गोल किया। सुब्रतो कप के अंडर-14 सेमीफाइनल मुकाबले मंगलवार, 13 सितंबर को खेले जाएंगे।

## मैदान गीला था, हम जबरदस्ती खेले : हरमनप्रीत

चेस्टर ली स्ट्रीट, 11 सितंबर। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में हार के बाद कहा कि मैदान आवश्यकता से अधिक गीला था और टीम ने ''जबरदस्ती'' मैच में हिस्सा लिया। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि हम जबरदस्ती खेले। मैदान की स्थिति 100 प्रतिशत खेलने लायक नहीं थी, वह आवश्यकता से अधिक गीला था।'' उन्होंने कहा, ''चोट लगने की कई संभावनाएं थीं। हमारी एक खिलाड़ी को चोट भी लगी जिसके कारण हमें एक गेंदबाज के बिना खेलना पड़ा। मुझे यकीन है कि हम अगले मैच में वापसी करेंगे।''

इंग्लैंड ने शनिवार को खेले गये टी20 मैच में भारत को नौ विकेट से मात दी। भारत ने इंग्लैंड को 133 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने 13 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने शृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। शृंखला का दूसरा मैच मंगलवार, 13 सितंबर को डर्बी में खेला जाएगा।

## टी-20 विश्व कप में वापसी के लिये तैयार बुमराह, हर्षल

मुंबई, 11 सितंबर। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल टी20 विश्व कप 2022 के लिये टीम में वापसी करने को तैयार हैं, हालांकि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में होने वाली टी20 शृंखलाओं के दौरान उनकी फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। क्रिकबज ने रविवार को जारी रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्र के हवाले से कहा कि बुमराह और हर्षल पूरी तरह फिट हैं और बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत की एशिया कप स्क्वाड की घोषणा करते हुए कहा था, ''जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वे वर्तमान में बेंगलुरु में एनसीए में रिहैब कर रहे हैं।'' क्रिकबज ने कहा कि बुमराह और हर्षल ने अपना रिहैब पूरा कर लिया है। दोनों गेंदबाज चोट के कारण एशिया कप में हिस्सा नहीं ले सके थे, जहां डेथ ओवर में खराब गेंदबाजी भारत की हार का एक प्रमुख कारण रही। बुमराह और हर्षल की टी20 विश्व कप 2022 के लिये टीम में वापसी लगभग तय है, हालांकि दोनों गेंदबाज उससे पहले घर में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 शृंखलाओं में हिस्सा लेंगे जहां चयनकर्ता दोनों की गेंदबाजी का आंकलन करेंगे। टी20 विश्व कप के लिये चयनकर्ता समिति की बैठक 15 सितंबर तक होने की संभावना है। टी20 विश्व कप 2022 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के दौरान किया जाएगा।



जब कभी भी पानी में लकड़ी के बहुत सारे लट्ठे एक जगह पर इकट्ठे हो जाते हैं तो उसे ''लॉगजैम'' कहते हैं। इस लॉगजैम से आसपास के जीवों को लाभ होता है। एक नए शोध से पता चला है कि लॉगजैम से सिर्फ मछलियों को ही फायदा नहीं होता, बल्कि, अन्य जीव भी इस स्थिति का फायदा उठाते हैं। शोधकर्ता जानना चाहते थे कि, लॉगजैम और नदी में तैरती लकड़ी से जानवर किस तरह से प्रभावित हो सकते हैं। शोध के लेखक, ओरेगॉन स्टेट युनिवर्सिटी के वैज्ञानिक इवान अरिसमेंदी ने कहा, हम जानते थे कि, नदियों में लकड़ी के बड़े-बड़े टुकड़े पड़े होने से सामन फिश को फायदा होता है, पर अन्य वन्य जीवन पर इसके प्रभाव के बारे में हमें बहुत कम जानकारी थी, इसलिए हम जानना चाहते थे कि अन्य जानवर इससे कैसे प्रभावित होते हैं। पूर्व में, लैंड मैनेजर्स यह सोचकर अक्सर ये लट्ठे हटा दिया करते थे, कि इससे जानवरों को नुकसान होगा। अरिसमेंदी कहते हैं, यह सोचकर कि, बाढ़ आने की स्थिति में लॉगजैम से ज्यादा नुकसान हो सकता है, लोग नदियों से लकड़ी के लट्ठे निकाल देते थे। इसके अलावा लट्ठों को नदी परिवहन में बाधा माना जाता था। फिर लोगों ने लॉगजैम के फायदे महसूस किए और 80 के दशक में नई शुरुआत हुई, धाराओं में लकड़ी के लट्ठे डालने की, अब इसपर हर साल लाखों डॉलर खर्च किए जाते हैं। वैज्ञानिकों ने ओरेगॉन में कोरवॉलिस से 15 मील पश्चिम में रॉक क्रीक के साथ-साथ 13 मोशन ट्रिगर्ड वीडियो कैमरे लगाए और जून 2021 से जून 2022 के बीच 1,921 वीडियो लिए जिनमें जानवरों की गतिविधियां दिख रही थीं। उन्होंने देखा कि 68 प्रतिशत वीडियोज़ में जो सबसे आम गतिविधि दिखी वह थी ''मूवमैंट'', 18 प्रतिशत में जानवर आराम करते हुए दिखे तथा 9 प्रतिशत में भोजन संबंधी गतिविधियां देखी गईं। शोधकर्ता लिखते हैं, ऑब्ज़र्वेशन्स से पता चलता है कि नदी में लकड़ी के बड़े-बड़े टुकड़े कॉरिडोर की तरह काम करते हैं और वन्य जीवों की रेंज को आपस में जोड़ते हैं। शोधकर्ताओं ने इनमें स्तनपायी जीवों, मध्यम और बड़े आकार के परभक्षी, जलीय, स्थलीय पक्षियों व सैमीअक्वैटिक जानवरों की 40 प्रजातियां देखीं। उन्होंने गोल्डन ईगल भी देखा जो इस क्षेत्र में दुर्लभ है और म्यूल भी देखे जो नदी में बाढ़ आने पर सुरक्षा के लिए लकड़ी के लट्ठों पर चढ़ रहे थे। अरिसमेंदी ने कहा, ''हम हैरान थे कि इतनी सारी प्रजातियां लकड़ी के इन लट्ठों का इस्तेमाल कर रही थीं।'' बायोडायवर्सिटी जर्नल में छपे इस शोध में शोधकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि, ये निष्कर्ष लैंड मैनेजर्स को बहते पानी में लकड़ी के लट्ठों की अहमियत समझा सकते हैं।

# 'चीन के मुद्दे पर प्र.मंत्री ने देश को गुमराह किया है'

## एन.सी.पी. अध्यक्ष ने कहा कि, चीन सेना की घुसपैठ का हम जवाब नहीं दे पा रहे हैं यह केन्द्र की स्पष्ट विफलता है

नई दिल्ली 11 सितम्बर (वार्ता)। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि चीन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने देश को गुमराह किया है।

पवार ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राकांपा के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दावा किया था कि चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया , लेकिन अब यह स्पष्ट है कि उन्होंने गलतबयानी की थी। उन्होंने जोर दिया कि चीन के मसले पर मोदी सरकार की विफलता स्पष्ट है।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, नरेंद्र मोदी सरकार के रहते चीन ने भारतीय सीमा पर एल.ए.सी. का लगातार उल्लंघन किया। हम चीनी घुसपैठ के सामने मुखर होकर कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहे हैं। अगर यह हमारी विफलता नहीं है तो क्या है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति पर सरकार पर हमला करते हुए पवार ने कहा कि सरकार का दावा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो गयी है जबकि देश बहुत अधिक मुद्रास्फीति और बेरोजगारी का सामना कर रहा है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार की गलत और तर्कहीन नीतियों के कारण आज महंगाई चरम पर है। वहीं रोजगार की समस्याओं के साथ-साथ देश की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बढ़ गयी हैं।

- **उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, नरेंद्र मोदी सरकार के रहते चीन ने भारतीय सीमा पर एलएसी का लगातार उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि, चीन की सेना अभी भी हमारे इलाके में जमी हुई है।**
- **अर्थव्यवस्था की स्थिति पर सरकार पर हमला करते हुए पवार ने कहा कि, सरकार का दावा है कि, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो गयी है जबकि देश बहुत अधिक मुद्रास्फीति और बेरोजगारी का सामना कर रहा है।उन्होने कहा कि केंद्र सरकार की गलत और तर्कहीन नीतियों के कारण आज महंगाई चरम पर है। वहीं रोजगार की समस्याओं के साथ-साथ देश की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बढ़ गयी हैं।**

राकांपा नेता ने पार्टी कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार के कुकर्मों को चुनौती देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जुटने के लिए तैयार रहने का आव्हान किया। उन्हेंने कहा विपक्षी एकता इसकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। लोकतांत्रिक मूल्यों में लगातार गिरावट आ रही है, ऐसे में हमारे देश के युवाओं को आगे आना होगा। अब नयी पीढ़ी को लोकतांत्रिक तरीके से केंद्र सरकार के कुकर्मों के खिलाफ लड़ने के लिए नेतृत्व की भूमिका निभाने की जरूरत है।

पवार ने महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा यह देश में अपने चरम पर है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय 410 रुपये में उपलब्ध एल.पी.जी. सिलैंडर के लिए अब 1100 रुपये देने पड़ रहे हैं। पैट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। इनके दाम बढ़ने से हर वस्तु की कीमत पर असर पड़ा है। खाद्य तेल, खाद्यान्नों और दवाइयों की कीमतें इतनी बढ़ गयी हैं कि आम आदमी इन्हें खरीदते वक्त पसीने-पसीने हो जा रहा है।

एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल 19 लाख युवाओं की नौकरियां दांव पर हैं ।देश में 40 लाख नौकरियों के लिए 31 लाख पद फिलहाल खाली हैं, लेकिन सरकार के उदासीन रवैये के कारण युवाओं की उपेक्षा की जा रही है।

अधिवेशन के लिए दिल्ली आये सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए उन्होंने अपील की कि राकांपा को हर चुनौती को स्वीकार करना होगा और उन ताकतों के खिलाफ लड़ना होगा जो लोकतांत्रिक संस्थाओं को पंगु बना रही हैं।

सम्मेलन में राकांपा की वरिष्ठ नेता सुप्रिया सुले, प्रफुल्ल पटेल, अजीत पवार, योगानंद शास्त्री और अन्य क्षेत्रों के नेता उपस्थित रहे। इससे पहले राकांपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में पवार को सर्वसम्मति से चार वर्षों के लिए फिर पार्टी अध्यक्ष चुना गया। वह 1999 से राकांपा के अध्यक्ष पद पर कायम हैं। उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर सर्व पी.ए. संगमा और तारिक अनवर के साथ इस पार्टी का गठन किया था। करोना महामारी के कारण राकांपा राष्ट्रीय अधिवेशन दो वर्षों बाद हुआ है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने पार्टी अध्यक्ष शरद पवार को आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर पेश किये जाने से इन्कार करते हुए रविवार को कहा कि वह देश के हालात को देखते हुए विपक्ष की ओर से एक सशक्त भूमिका जरूर निभायेंगे।

राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन के बाद संवाद-दाताओं से कहा कि पवार आगामी आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किये जायेंगे।

# रूस को एक और मोर्चे पर यूक्रेन में मिली हार

## यूक्रेन ने खारकीव से रूस के सैनिकों को वापस खदेड़ा

कीव/मॉस्को, 11 सितम्बर। यूक्रेनी सैनिकों ने रूस को करारा झटका दिया है। दरअसल, यूक्रेनी सैनिक रूस के मजबूत कब्जे वाले खारकीव प्रांत के इजियम शहर में दाखिल हो गए हैं। इस बीच रूसी रक्षा मंत्रालय ने खारकीव से अस्थाई तौर पर अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है। भले ही रूस के इस मामले में अपने अलग तर्क हों, लेकिन उसका यह फैसला जंग का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। रूस के लिए मार्च में कीव गंवाने के बाद इसे दूसरा सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है।

- **रूस की सरकार ने भी अपने सैनिकों को मुंह की खाने के बाद खारकीव से वापस लौटने का आदेश दे दिया है।**
- **भले ही रूस के इस मामले में अपने अलग तर्क हों, लेकिन उसका यह फैसला जंग का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। रूस के लिए मार्च में कीव गंवाने के बाद इसे दूसरा सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है।**
- **यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूसी सैनिकों ने एक सप्ताह के भीतर ही खारकीव प्रांत के इजियम शहर पर कब्जा जमा लिया था।**

यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूसी सैनिकों ने एक सप्ताह के भीतर ही खारकीव के इजियम शहर पर कब्जा जमा लिया था। इजियम रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रसद मार्ग है। रूसी सैनिकों के यहां से पीछे हटने के ठीक बाद यूक्रेन ने यहां के कुपियांस्क रेलवे जंक्शन पर भी कब्जा जमा लिया। इससे रूस के लिए दोनाबास में रसद पहुंचाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। इसके अलावा रूसी सैनिक बड़ी संख्या में यहां गोला-बारूद के भंडार और उपकरणों को भी छोड़कर वापस लौट गए। यह भी रूस के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। यूक्रेनी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत से ही रूसी सैनिकों पर हमले तेज कर दिए हैं और वे तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, जवाबी कार्रवाई शुरू होने के बाद से लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर (770 वर्ग मील) क्षेत्र को मुक्त करा लिया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रात में दिए संबोधन में कहा, हमारी सेना ने खारकीव में 30 से ज्यादा मोर्चों को फिर से कब्जे में ले लिया है। अब आगे बढ़ने का सिलसिला जारी रहेगा। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक द इस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वार के अध्ययन के मुताबिक, इस हफ्ते शुरू हुए अभियान के तहत अब तक रूस को 2500 वर्ग किलोमीटर इलाके से खदेड़ा जा चुका है। रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से शनिवार को कहा गया है कि रूसी सेना को फिलहाल खारकीव क्षेत्र से अस्थायी तौर पर छोड़ने को कहा गया है। यहां बीते कुछ हफ्तों में यूक्रेनी सेना ने काफी आक्रामक ढंग से हमले किए हैं, जिनकी वजह से रूसी सेना को पीछे हटने का फैसला करना पड़ा है।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों के मुकाबले तीन गुना रिकवरी हुई रविवार को

## राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 160 नए संक्रमित मिले, वहीं 592 मरीज ठीक भी हुए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 11 सितम्बर। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट आने के साथ ही लगातार रिकवरी में बढ़ोत्तरी हो रही है। राज्य में रविवार को जहां 160 नए संक्रमित मिले, वहीं तीन गुना से ज्यादा मरीज ठीक भी हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 1193 रह गए हैं।

प्रदेश में रविवार को 21 जिलों में 160 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 177 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में 35 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा अलवर में 15, अजमेर में 14, नागौर में 12, जोधपुर, प्रतापगढ़ व कोटा में 9-9, चित्तौड़गढ़, सिरोही व डूंगरपुर में 7-7, भरतपुर व धौलपुर में 6-6, बीकानेर में 5, उदयपुर में 4, दौसा, सीकर व जैसलमेर में 3-3, बारां व जालोर में 2-2, झालावाड़ व बाड़मेर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

- **इस बीच, जयपुर में 35 नए संक्रमित सामने आए हैं।**
- **प्रदेश में एक्टिव केस घटकर 12 सौ से कम रहे गए हैं।**

प्रदेश में लगातार रिकवरी में बढ़ोत्तरी हो रही है। रविवार को एक ही दिन में 592 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस और घटकर 1193 रह गए हैं। जयपुर में भी पिछले चौबीस घंटों में 183 मरीजों के ठीक होने से 267 एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं अलवर और जोधपुर ऐसे जिले है जहां सौ से ज्यादा मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में रविवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9629 लोगों की मौत हो चुकी है।

जयपुर में रविवार को 16 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 6 मरीज मानसरोवर में मिले हैं। इसके अलावा सांगानेर में 5, वैशाली नगर में 4, जगतपुरा में 3, महेश नगर, मालवीय नगर व विद्याधर नगर में 2-2 तथा बनीपार्क, सिविल लाइन, दुर्गापुरा, जवाहर नगर, कोटपूतली, मुरलीपुरा, रामगंज और सोढ़ाला में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 3 संक्रमित का पता गलत मिला है।

# लश्कर के 4 आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर, 11 सितंबर (वार्ता)। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए संगठन के लिए काम करने वाले चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

एक पुलिस अधिकार ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस, सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस (सी.आर.पी.एफ.) के जवानों ने गौसियाबाद चौक चिंकीपोरा में एक संयुक्त चौकी पर दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान दो व्यक्तियों को संदिग्ध गतिविधियों के कारण रुकने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की। सतर्क सुरक्षा बलों ने हालांकि उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार लोगों के पास से दो हथगोले बरामद किए गए।

- **ये आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम किया करते थे। इनके पास से बरामद हथियारों चीन निर्मित एक पिस्तौल, एक मैगजीन, 25 एके 47 राउंड, विस्फोटक सामग्री आदि शामिल है।**

दोनों की पहचान कुलोसा बांदीपोरा के शाकिर अकबर गोजरी और चिनाद बारामूला के मोहसिन वानी के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिबंधित संगठन लश्कर के लिए काम करते हैं। वे सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले करने के अवसर की लगातार तलाश में थे।उन्होंने कहा, पकड़े गए आतंकवादियों ने जांच के दौरान अपने दो और सदस्यों के नामों का खुलासा किया। जिसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## द्वारका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पूर्णिमा को शंकराचार्य ने दिए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी समेत कई गणमान्य हस्तियों ने शंकराचार्य के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## गैर अधिकृत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव प्रक्रिया केवल पार्टी को मजबूत करेगा।''

शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम और मनीष तिवारी सहित पांच सांसदों ने अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग करते हुए मधुसूदन मिस्त्री को चिट्ठी लिखी थी। आपको बता दें कि कि कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव 17 अक्टूबर को होगा और 24 से 30 सितंबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

## कांग्रेस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तरह की कार्रवाई न होने को लेकर भी निराशा जाहिर की है।

कमरुल इस्लाम ने लिखा कि राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग की बात सामने आई थी। असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से इस बात को स्वीकार किया था। इसके बावजूद पार्टी द्वारा किसी तरह कड़ा एक्शन नहीं लिया गया। उन्होंने लिखा है कि इसके चलते जमीन से जुड़े पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट गया है।

## फैक्ट्री में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा कि आग जल्द ही फैक्ट्री में फैल गई, जिसमें झुलसकर एक मजदूर की मौत हो गई।

सचिन जी.आई.डी.सी. के पुलिस निरीक्षक डी.वी. बलदानिया ने कहा कि देर रात शव बरामद किया गया।

# 'सबसे पहले राजभवनों का नाम बदलकर कर्तव्यभवन किया जाना चाहिये'

## शशि थरूर ने राजपथ का नाम बदलने पर मोदी सरकार की आलोचना की

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्यपथ करने पर भाजपा सरकार की जमकर आलोचन करते हुए कांग्रेस नेता और लेखक शशि थरूर ने केंद्र से सवाल किया कि देश में सभी राजभवनों का नाम बदलकर कर्तव्यभवन क्यों नहीं होना चाहिए? ट्वीट करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार को यहीं नहीं रुकना चाहिए बल्कि राजस्थान का नाम भी बदलकर कर्तव्यस्थान कर देना चाहिए।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 सितंबर को कर्तव्य पथ का उद्घाटन करने के बाद कहा था कि यह कदम तत्कालीन राजपथ से सत्ता का प्रतीक होने के नाते कर्तव्य पथ को सार्वजनिक स्वामित्व और सशक्तिकरण का एक उदाहरण होने का प्रतीक है।

उन्होंने इस अवसर पर इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

कर्तव्यपथ का उद्घाटन करते हुए पी.एम. ने कहा था कि आज हम हम अतीत को पीछे छोड़ते हुए कल की तस्वीर को नए रंगों से भर रहे हैं। आज यह नई आभा हर जगह दिखाई दे रही है, यह नए भारत के विश्वास की आभा है। 'दास प्रथा का प्रतीक किंग्सवे (राजपथ), आज से इतिहास बनकर हमेशा के लिए मिटा दिया गया है', और मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं।

- **शशि थरुर का इशारा शायद प्रदेश की सरकारों एवं राजभवन के बीच टकराव की ओर था।**

आजादी के इस अमृतकाल में गुलामी की एक और पहचान से देशवासियों को आजादी मिल गई है' पी.एम. मोदी।

मोदी ने इस बात पर जोर देते हुए कहा था कि कर्तव्यपथ केवल ईंटों और पत्थरों से बनी सड़क नहीं है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक अतीत और सर्वकालिक आदर्शों का एक जीवंत उदाहरण भी है।

मोदी का कहना था कि राजपथ ब्रिटिश राज के लिए था, जो भारतीयों को गुलाम मानते थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजपथ की भावना और संरचना गुलामी की प्रतीक थी, लेकिन आज वास्तुकला में बदलाव के साथ इसकी भावना भी बदल गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से राष्ट्रपति भवन तक फैला यह कार्तव्य पथ कर्तव्य की भावना से जीवंत होगा।

# अपनी ही सरकार के खिलाफ बोले ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सकता। जो रायल्टी है। उतना पैसा लें। जितना पैसे लेते हैं। उसकी रसीद भी दें। 550 रुपए टन के हिसाब से ट्रक के पैसे ले रहे हैं। रॉयल्टी रसीद 40 रुपए के आसपास की दे रहे हैं।

मंत्री हेमाराम बोले बजरी के 10 गुणा ज्यादा ले रहे रुपए, रसीद काट रहे 45 रुपए की। चौधरी ने कहा तीन जगह खनन स्वीकृति के बाद भी रॉयल्टी 45 रुपए टन है। इसकी जगह 550 रुपए टन से ज्यादा लिए जा रहे हैं। जनता को लूटा जा रहा है। इसको लेकर मैंने मंत्री प्रमोद जैन भाया से बात भी कर ली है। इसको बंद किया जाए। इस लूट को हम होने नहीं देंगे।

बजरी माफिया को किसका सपोर्ट है। यह मेरे लिए कहना ठीक नहीं है, लेकिन यह तय कि बजरी मामले में जनता लुट रही है। मंत्री चौधरी ने बताया कि करीब एक माह पहले बजरी खनन को लेकर सी.एम. ने मीटिंग बुलाई थी। उसमें मैंने मंत्री को बता दिया था कि आम लोगों को किस तरीके से लूटा जा रहा है। बाड़मेर में समदड़ी, बालोतरा, जाणियाणा और सिणधरी की लीज दी जाए। तब 1 सितंबर से समदड़ी, बालोतरा, जाणियाणा में बजरी खनन की स्वीकृति दी गई है। सिणधरी की लीज नहीं दी है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में बजरी खनन पर रोक लगा दी थी। इसके बाद 12 नवंबर 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने बजरी खनन पर रोक हटा दी। करीब 4 साल बाद बजरी फिर से खुलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन पिछले 8 माह तक अवैध बजरी माफिया जनता को लूट रहे थे।

इन बजरी माफियाओं से सिर्फ जनता ही नहीं, उनकी सरकार के मंत्री और विधायक भी दुखी हैं। सी.एम. अशोक गहलोत व खान मंत्री प्रमोद जैन भाया से भी जिले के सभी 6 कांग्रेसी विधायकों ने मिलकर बजरी खनन शुरू करने का मुद्दा उठाया। इसके बाद एक सितंबर से बाड़मेर में तीन लीज शुरू की गई इसके बाद भी 40 रुपए टन की बजाय 550 रुपए टन लोगों से लिया जा रहा है। अवैध खनन को लेकर लेकर करीब एक माह पहले सी.एम. और मंत्री की मौजूदगी में हुई बैठक में भी गुडामालानी विधायक हेमाराम चौधरी ने बजरी खनन शुरू करने और ठेकेदार की गुंडागर्दी और उसकी तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। इसके बावजूद भी बाड़मेर जिले की तीन बड़ी लीज हैं, जिन्हें बजरी खनन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। सरकार और ठेकेदार की सांठगांठ में बाड़मेर-जैसलमेर की जनता को लूटा जा रहा है। 10 हजार रुपए ट्रक मिलने वाली बजरी 20-25 हजार रुपए प्रति ट्रक बेची जा रही है। ठेकेदार अवैध वसूली कर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं।

# एस.सी.ओ समिट में शामिल होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उज्बेकिस्तान जायेंगे

नई दिल्ली, 11 सितम्बरं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15-16 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए उज्बेकिस्तान की यात्रा करेंगे। यह शिखर सम्मेलन उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान नेताओं के पिछले दो दशकों में समूह की गतिविधियों की समीक्षा करने और बहुपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री 14 सितंबर को समरकंद पहुंचेंगे और दो दिवसीय शिखर बैठक में शामिल होकर 16 सितंबर को भारत वापस लौटेंगे। शिखर सम्मेलन 15-16 सितंबर को होगा। इससे पहले जून 2019 में कर्गिस्तान के बिश्केक में एस.सी.ओ. सम्मेलन किया गया था। शिखर सम्मेलन में भारत की उपस्थिति महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शिखर सम्मेलन के अंत में एस.सी.ओ . की रोटेशनल प्रेसीडेंसी ग्रहण करेगा।

- **उज्बेकिस्तान में 15 सितम्बर से सम्मेलन शुरु होगा।**
- **प्रधानमंत्री 14 सितंबर को समरकंद पहुंचेंगे और दो दिवसीय शिखर बैठक में शामिल होकर 16 सितंबर को भारत वापस लौटेंगे।**

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, शिखर सम्मेलन में एस.सी.ओ. सदस्य देशों के नेता, पर्यवेक्षक देशों, एस.सी.ओ. के महासचिव, एस.सी.ओ. क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (आर.ए.टी.एस.) के कार्यकारी निदेशक, तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति और अन्य आमंत्रित अतिथि शामिल होंगे। बयान में कहा गया है कि उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री मोदी एस.सी.ओ. के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 22वीं बैठक में भाग लेने के लिए 15-16 सितंबर को समरकंद की यात्रा करेंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान, नेताओं के पिछले दो दशकों में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करने और राज्य और भविष्य में बहुपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने की उम्मीद है। इस बैठक में क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के सामयिक मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के शिखर सम्मेलन से इतर कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी संभावना है। शंघाई सहयोग संगठन की स्थापना 2001 में शंघाई में की गई थी। वर्तमान में इस संगठन में आठ देश- चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। चार पर्यवेक्षक देश- अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया संगठन की पूर्ण सदस्यता में शामिल होना चाहते है।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908